दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 145/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 30 दिसंबर 2022 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in




भोपाल और इंदौर में Jio की ट्रू 5G-बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज दिए 1 Gbps+ स्पीड से डेटा यूज कर सकेंगे यूजर्स



# प्रधानमंत्री मोदी की मां हीराबा नहीं रहीं

## अंतिम सफर में पार्थिव देह के साथ शव वाहन में ही बैठे रहे, मुखाग्नि दी, नेताओं ने जताया शोक

**अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा शुक्रवार सुबह 9.26 बजे पंचतत्व में विलीन हो गईं। नरेंद्र मोदी ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम सफर के दौरान वे मां की पार्थिव देह कंधे पर लेकर गांधी नगर स्थित घर से निकले। यात्रा के दौरान वे शव वाहन में ही पार्थिव देह के करीब बैठे रहे।**

हीराबा मोदी का शुक्रवार तड़के 3.30 बजे यूएन मेहता अस्पताल में निधन हुआ। वे 100 साल की थीं। मंगलवार देर रात सांस लेने में तकलीफ होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें कफ की शिकायत भी थी। मोदी ने खुद ही निधन की जानकारी ट्वीट के जरिए दी। इसके बाद सुबह 7.45 बजे अहमदाबाद पहुंचे। यहां से वे सीधे गांधीनगर के रायसण गांव में भाई पंकज मोदी के घर गए। पार्थिव देह यहीं रखी गई थी। मोदी के पहुंचते ही अंतिम यात्रा शुरू हुई। सेक्टर-30 स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

मोदी ने अपना कोई तय कार्यक्रम रद्द नहीं किया। वे अंतिम संस्कार के बाद सीधे अहमदाबाद स्थित राजभवन गए। वे यहीं से बंगाल में हो रही राष्ट्रीय गंगा परिषद की बैठक में वर्चुअली जुड़ें। उन्होंने हावड़ा को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली वंदे भारत की शुरुआत की।





### शताब्दी का ईश्वर चरणों में विराम

पीएम मोदी ने ट्वीट कर हीराबा के निधन की जानकारी दी। शुक्रवार की सुबह 6 बजकर 2 मिनट पर उन्होंने लिखा- शानदार शताब्दी का ईश्वर चरणों में विराम। मां में मैंने हमेशा उस त्रिमूर्ति की अनुभूति की है, जिसमें एक तपस्वी की यात्रा, निष्काम कर्मयोगी का प्रतीक और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध जीवन समाहित रहा है। मोदी ने आगे लिखा- मैं जब उनसे 100वें जन्मदिन पर मिला तो उन्होंने एक बात कही थी, जो हमेशा याद रहती है कि काम करो बुद्धि से और जीवन जियो शुद्धि से। हीराबा ने जून में ही अपना 99वां जन्मदिन मनाया था। प्रधानमंत्री मोदी उस समय उनसे मिलने आए थे। उस दौरान पीएम ने हीराबा के पैर धोकर पानी अपनी आंखों से लगाया था।

### राष्ट्रपति से लेकर अनेक नेताओं ने दुख व्यक्त किया

#### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पीएम मोदी की मां के निधन पर जताया दुख

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने जताया दुख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शोक व्यक्त किया और कहा-प्रधानमंत्री की मां का सौ साल का संघर्षपूर्ण जीवन भारतीय आदर्शों का प्रतीक है। मैं पुण्यात्मा की शांति की प्रार्थना करती हूं।

**गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया-** मां एक व्यक्ति के जीवन की पहली मित्र और गुरु होती है। जिसे खोने का दुख निःसंदेह संसार का सबसे बड़ा दुख है।

**भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लिखा-** हीराबा जी का संघर्षपूर्ण व सात्विक जीवन सदैव प्रेरणादायक है, जिनके वात्सल्य व सत्यनिष्ठा से देश को यशस्वी नेतृत्व मिला। मां का जाना अपूरणीय क्षति है, इस रिक्तता की पूर्ति असंभव है।

**कांग्रेस सांसद राहुल गांधी** ने पीएम मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी की माताजी, श्रीमती हीरा बा के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। इस मुश्किल समय में, मैं उन्हें और उनके परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं और प्यार व्यक्त करता हूं।

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे-** हीराबेन मोदी के निधन के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। मोदी जी को उनकी प्यारी माँ के खोने पर मेरी हार्दिक संवेदना। दुख की इस घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पूरे परिवार के साथ हैं।

**लाल कृष्ण आडवाणी-** नरेंद्रभाई ने अक्सर अपनी मां के साथ साझा किए गए विशेष बंधन, उनकी सादगी और देखभाल करने वाले व्यक्तित्व के बारे में बात की है। मां को खोना किसी के जीवन में सबसे दर्दनाक घटना है। नरेंद्रभाई और उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। भगवान उन्हें इस अपार क्षति को सहन करने की शक्ति दें।

**मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह** ने ट्वीट किया- भक्ति, तपस्या और कर्म की त्रिवेणी। नरेंद्र मोदीजी जैसे महान व्यक्तित्व को गढ़ने वाली मां के चरणों में सादर प्रणाम। पूज्य मां सदैव प्रेरणा बनी रहेंगी।

**गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल-** कहा कि नरेंद्र भाई मोदी की माता पूज्य हीराबा के निधन से गहरा दुख हुआ। हीराबा उदारता, सादगी, कड़ी मेहनत और जीवन के उच्च मूल्यों के प्रतीक थीं। मैं प्रार्थना करता हूं कि भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

**कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी-** प्रधानमंत्री मोदी जी की माता जी के निधन का दुखद समाचार मिला। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान दें। मोदीजी और उनके परिवार के सदस्यों को पीड़ा के इन क्षणों में साहस दें।



# मां को मुखाग्नि देकर 2 घंटे बाद काम पर मोदी

## बंगाल के कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े, ममता बोलीं- आपकी मां, हमारी मां... थोड़ा आराम करिए



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मां हीरा बा का अंतिम संस्कार करने के तुरंत बाद काम पर लौट आए हैं। सुबह 9 बजकर 40 मिनट पर अहमदाबाद में उन्होंने मां को मुखाग्नि दी थी। इसके बाद वे अहमदाबाद से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बंगाल में आयोजित कार्यक्रम में जुड़े। उन्होंने हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई।

कार्यक्रम में शामिल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोदी की मां के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह दिन आपके लिए तकलीफ भरा है। आपकी मां यानी हमारी भी मां। ईश्वर आपको शक्ति दें कि आप अपना काम जारी रख सकें। मेरा अनुरोध है कि आप कुछ समय आराम भी करें। मोदी ने कहा- बंगाल की पुण्य धरती को नमन। निजी कारणों से आपके बीच नहीं बंगाल नहीं आ पाया। इसके लिए क्षमा मांगता हूं। रेलवे और मेट्रो प्रोजेक्ट्स के साथ कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन हुआ है। वंदे भारत ट्रेन के लिए आप सबको बधाई। कुछ देर बाद गंगाजी की स्वच्छता और पीने के पानी से जुड़ी परियोजनाएं पश्चिम बंगाल को सौंपने का अवसर मिलेगा।

**ममता ने बंगाल के लोगों की तरफ से प्रधानमंत्री को शुक्रिया कहा-** कार्यक्रम में शामिल हुईं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम मोदी से कहा- माननीय प्रधानमंत्री जी, मैं आपकी आभारी हूं कि आपको यहां आना था, लेकिन अपनी माताजी के निधन के चलते आप नहीं आ पाए, फिर भी आप वर्चुअल तरीके से इस कार्यक्रम से जुड़े।

# महान फुटबॉलर पेले का निधन

**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले का गुरुवार देर 82 साल की उम्र में निधन हो गया। उनकी बेटी कैली नैसिमेंटो ने सोशल मीडिया पर उनके निधन की जानकारी दी। पेले पेट के कैंसर से जूझ रहे थे। उन्हें 29 नवंबर को साओ पाउलो के अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कीमोथेरेपी के जरिए उनका ट्रीटमेंट किया गया, लेकिन उन्हें कोई फायदा नहीं हो रहा था। इसके बाद कीमोथेरेपी बंद कर उन्हें दर्द कम करने की दवाइयां दी जाने लगीं। उन्हें किडनी और कार्डियक डिसफंक्शन भी था। पेले के निधन के बाद ब्राजीली सरकार ने तीन दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है।



# दुनिया में कोरोना का खतरा, चीन में 24 घंटे में 9000 मौतें

**नई दिल्ली।** चीन में कोरोना से हालात बेहद खराब हैं। लंदन की ग्लोबल हेल्थ इंटेलिजेंस कंपनी एयरफिनिटी ने कहा कि चीन में इन्फेक्शन से हर दिन 9 हजार मौतें हो रही हैं। यह आंकड़ा पिछले हफ्ते से लगभग दोगुना है। इसी बीच अमेरिका, ताइवान, जापान, भारत, इटली, साउथ कोरिया, पाकिस्तान और मलेशिया ने चीन से आने वाले लोगों के लिए कोरोना प्रोटोकॉल बताए हैं। अब इन लोगों को यात्रा से पहले नेगेटिव कोरोना टेस्ट रिपोर्ट और वैक्सीनेशन का प्रमाण देना होगा।



**दुनिया में 66 करोड़ 36 लाख से ज्यादा मामले-** एजेंसियों के मुताबिक, दुनिया में अब तक 66 करोड़ 36 लाख 18 हजार 225 मामले सामने आ चुके हैं। 11 जनवरी 2020 को चीन के वुहान में 61 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। ये दुनिया में कोविड से हुई पहली मौत थी। इसके बाद मौत का सिलसिला बढ़ने लगा। अब तक 66 लाख 92 हजार 202 मौतें हो चुकी हैं।

# 18 आईपीएस को पदोन्नति, 23 अधिकारियों को प्रवर श्रेणी वेतनमान

**भोपाल।** राज्य शासन ने भारतीय पुलिस सेवा के 18 अधिकारियों को वर्तमान पदस्थापना पर ही पदोन्नति दी है। 23 अधिकारियों को प्रवर श्रेणी वेतनमान दिया है। पदोन्नति के बाद आईजी प्रशासन विवेक शर्मा एडीजी प्रशासन होंगे, आईजी एसएएफ साजित फरीद शापू वहीं एडीजी होंगे। रतलाम डीआईजी सुशांत कुमार सक्सेना आईजी रतलाम रेंज, इंटेलीजेंस डीआईजी डा. आशीष वहीं आईजी होंगे।



आशुतोष प्रताप सिंह

इसके अलावा एसपी सागर तरुण नायक, एसपी रीवा नवनीत भसीन, एसएसपी रेडियो अमित सिंह, संचालक(एसपी) एफएसएल शशिकांत शुक्ला, एआईजी संतोष सिंह गौर, एसपी सीधी मुकेश कुमार श्रीवास्तव, एआईजी सुनील कुमार पांडेय, सेनानी विसबल इंदौर ओमप्रकाश त्रिपाठी, एसपी विदिशा मोनिका शुक्ला, एआईजी मनोज कुमार सिंह, एसपी कटनी सुनील कुमार जैन, एसपी राजगढ़ अवधेश गोस्वामी, सेनानी विसबल उज्जैन सविता सुहाने डीआईजी पद पर पदोन्नत किए गए हैं। वहीं उप पुलिस आयुक्त यातायात इंदौर महेश चंद्र जैन का अतिरिक्त आयुक्त होंगे।

आदेश के अनुसार जनसंपर्क संचालक आशुतोष प्रताप सिंह, आबिद खान पीएचक्यू, एसपी एटीएस गौरव तिवारी, मो.यूसुफ कुरैशी 23वीं बटालियन, डी कल्याण चक्रवर्ती(केंद्र में प्रतिनियुक्ति), डीसीपी अपराध इंदौर निमिष अग्रवाल, एसपी जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा, एसपी गुना पंकज श्रीवास्तव,डीसीपी अपराध इंदौर राजेश कुमार सिंह, डीसीपी मुख्यालय भोपाल विनीत कपूर, डीसीपी इंदौर-3 धर्मेंद्र भदौरिया, समनि एससीआरबी हेमंत चौहान, डीसीपी जोन 4 भोपाल विजय खत्री, सेनानी पांचवी वाहिनी मुरैना विनीत जैन,एसपी अलीराजपुर मनोज कुमार सिंह, एसपी दमोह राकेश कुमार सिंह, एसपी शिवपुरी राजेश सिंह, एसपी पीटीएस सागर शशींद्र चौहान, एसपी आगर मालवा राकेश सगर, एसपी देहात इंदौर बीएस बिरदे, एसपी देहात भोपाल किरणलता केरकट्टा, समनि पीटीआरआई पुमु भोपाल मनोज कुमार राय का प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान किया गया है।

# कार दुर्घटना में बाल-बाल बचे ऋषभ पंत

## जलती कार की खिड़की तोड़ बाहर निकले

**रुडकी।** 25 साल के क्रिकेटर ऋषभ पंत शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए। पुलिस के मुताबिक, झपकी लगने से यह हादसा हुआ। उनकी मर्सिडीज अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिसके बाद उसमें आग लग गई और पलट गई। एक्सीडेंट के बाद पंत जलती हुई कार की खिड़की तोड़कर बाहर निकले। उन्हें सिर, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, उनकी हालत खतरे से बाहर है। डॉक्टर सुशील नागर ने बताया कि वह अपनी मां को सरप्राइज देने के लिए जा रहे थे।

उन्हें इलाज के लिए रुड़की से देहरादून ले जाया गया है। यहां के मैक्स हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टर की एक टीम उनकी निगरानी कर रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो उन्हें दिल्ली एयरलिफ्ट किया जाएगा। हादसा सुबह 5.30 बजे रुड़की के नारसन बॉर्डर पर हम्मदपुर झाल के मोड़ पर हुआ। झपकी के बाद उनकी मर्सिडीज अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। यह जगह उनके घर से 10 किलोमीटर दूर है। उस वक्त कार की रफ्तार 150 किमी/घंटे थी। कार 200 मीटर तक घिसटते चली गई।





हादसे के बाद पंत को एंबुलेंस से पहले इलाज के लिए रुड़की के सक्षम हॉस्पिटल ले जाया गया। अभी उनकी हालत स्थिर है। पंत को सिर, पीठ और पैर में चोटें आई हैं। पंत को ऑपरेशन की जरूरत भी पड़ सकती है। इसके बाद पता चलेगा कि वे कब तक खेल पाएंगे।

**पलटने के बाद आग लग गई-** गांव वालों ने बताया कि उन्होंने तेज धमाका सुना। देखा कि एक कार डिवाइडर से टकराने के बाद कुछ फीट तक घसीटते चली गई। ऐसा लगा कि पलटी और उसमें आग लग गई। हमने उन्हें उठाया और अस्पताल पहुंचाया। उधर,उत्तराखंड डीजी अशोक कुमार के मुताबिक, एक्सीडेंट के बाद पंत जलती हुई कार की खिड़की तोड़कर बाहर निकले थे।

# देश में सर्द हुआ मौसम, 6 राज्यों में नए साल पर छाया रहेगा घना कोहरा

**नई दिल्ली।** देश में सर्दी बढ़ने लगी है। उत्तर भारत के साथ अब मध्य भारत में भी ठंड का असर दिखने लगा है। भोपाल में बीती रात पारा 9.4 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, 2023 के पहले दिन पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। इसके साथ ही घना कोहरा भी छाए रहने की संभावना है।

वहीं, अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में कोल्ड डे रहने की संभावना है। हालांकि इसके बाद फिर तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी और शीत लहर फिर से शुरू हो जाएगी।



दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत को फिलहाल ठंड से थोड़ी राहत मिलती नजर आ रही है। गुरुवार को दिल्ली का न्यूनतन तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को राजधानी का तापमान 7 डिग्री के आस-पास दर्ज किया गया था।

मध्य प्रदेश में रात के वक्त ठंड और बढ़ गई। भोपाल में पारा 9.4 डिग्री पहुंच गया। सीजन में ऐसा तीसरी बार हुआ है। इससे पहले 27 नवंबर और 8 दिसंबर को रात का तापमान 10 डिग्री से कम रहा था। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण अगले 2 दिन तापमान में इजाफा होने की संभावना है।

**श्रीनगर में बर्फबारी जारी-** श्रीनगर शहर में भी बर्फबारी हुई। देर शाम तक ऊंची चोटियों में 2 से 3 फीट से ज्यादा परत जम गई है। रोहतांग दर्रा, कुंजम दर्रा, बारा लाचा दर्रा में भी 1 से 2 फीट, कोकसर में 5 इंच, केलांग में 3 इंच, पट्टन क्षेत्र में 3 से 4 इंच तक बर्फ की परत जमने की जानकारी है।

# महापौर ने विशेष अभियान में श्रमदान कर दिलाई स्वच्छता की शपथ



## शहर में सफाई व्यवस्था उच्च स्तरीय बनाए रखने व स्वच्छता में नंबर 1 बनाने का किया आव्हान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

महापौर मालती राय ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाए रखने व अपने शहर को स्वच्छता में नंबर 1 बनाने हेतु गुरूवार को विभिन्न वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान के तहत सफाई मित्रों के साथ उपलब्ध उपकरणों एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से साफ-सफाई हेतु श्रमदान किया। श्रीमती राय ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया एवं अपने शहर भोपाल को स्वच्छता में नंबर 01 बनाने का आह्वान भी किया तथा स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। महापौर श्रीमती राय ने वार्ड क्रमांक 39 में बरखेड़ी फाटक स्थित गणेश चौक में आयोजित बूस्टर डोज कैम्प में पहुंचकर फल वितरित किये और नागरिकों से बूस्टर डोज लगवाने की अपील की। महापौर श्रीमती मालती राय ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में अपने शहर को स्वच्छता में नंबर 01 बनाने हेतु विशेष सफाई अभियान के तहत जोन क्रमांक 09 के वार्ड क्रमांक 36 के अंतर्गत चांदबढ़, सौरभ कालोनी, हिनौतिया, पुष्पा नगर, 80 फिट रोड, स्टेशन क्षेत्र, वार्ड क्रमांक 35 में जहांगीराबाद, बरखेड़ी, अहाता कल्ला शाह, जिंसी मुख्य मार्ग, पातरा, जोन क्रमांक 11 के वार्ड क्रमांक 39 के अंतर्गत खटीक कालोनी, चाणक्यपुरी, महामाई का बाग, नवीन नगर, रानी अमनबाई कालोनी, बरखेड़ी फाटक ऐशबाग क्षेत्र, जोन क्रमांक 12 के वार्ड क्रमांक 44 के अंतर्गत सुभाष नगर, सुदामा नगर, अभिरूचि परिसर, बिहारी मोहल्ला, अंबेडकर नगर आदि क्षेत्रों में क्षेत्रीय पार्षदगण व सफाई मित्रों के साथ साफ-सफाई हेतु श्रमदान किया।

सफाई अभियान के तहत सम्पूर्ण वार्ड क्षेत्र की बेहतर साफ-सफाई की गई और कचरा आदि को तत्काल उठवाकर निष्पादन स्थल पर पहुंचाया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती राय ने नागरिकों को भी स्वच्छता बनाए रखने एवं अपने शहर भोपाल को स्वच्छता में नंबर 01 बनाने का आह्वान भी किया। विशेष स्वच्छता अभियान के दौरान महापौर परिषद सदस्य श्री आनंद अग्रवाल, जोन क्रमांक 12 के अध्यक्ष श्री विमलेश सिंह ठाकुर, पार्षद श्री गीता प्रसाद माली, सुश्री शिरीन खान व संबंधित जोन के जोनल अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, वार्डों के दरोगा, स्वच्छता सुपरवाइजर भी मौजूद थे।



भोपाल। आनंद नगर दशमेश साहिब गुरुद्वारे में गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर कीर्तन दरबार सजा। जितेंद्र पाल सिंह गिल ने दी बधाई।

## स्वछता में सिरमौर बनाने रैली निकाली

भोपाल । शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय की संस्था एनएसएस द्वारा भोपाल में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता रैली निकाली गई। संस्था द्वारा बिट्टन हाट को स्वच्छता और पॉलीथिन से मुक्त कराने के लिए संकल्प लिया गया। महाविद्यालय की एनएसएस संस्था द्वारा बिट्टन हाट में पहुँचकर नागरिकों को क्षेत्र को पॉलीथिन से मुक्त करने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने अपील की कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि हम सब मिलकर बिट्टुल मार्केट को पॉलीथिन मुक्त करें। एनएसएस द्वारा नागरिकों से कहा कि वे स्वंय अपना कपड़े का थैला लेकर सब्जी खरीदने के लिए हाट में पहुँचें और दुकानदारों से भी कहे कि पॉलीथिन में सब्जी नहीं लेंगे। नागरिकों को जागरूक करते हुए संस्था के छात्र-छात्राओं ने कहा कि जो विक्रेता पॉलीथिन में सब्जी देगा उससे कोई सब्जी न खरीदें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि बिट्ठन हाट को पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए आप लोगों का सहयोग बहुत जरूरी है। हम सब मिलकर बिट्ठन हाट को पॉलीथिन मुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

### मतदान दलों का प्रशिक्षण 30 दिसंबर से

भोपाल । राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत आम / उप निर्वाचन 2022 उत्तरार्ध के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन अविनाश लवानिया ने प्रथम चरण के जनपद पंचायत फंदा में रिक्त ग्राम पंचायतों के पंच पद एवं जनपद पंचायत बैरसिया में सरपंच एवं पंच पद हेतु निर्वाचन के लिए मतदान दलों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में 30 दिसंबर, दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा। दूसरे चरण के मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्यालय जनपद पंचायत फंदा एवं जनपद पंचायत बैरसिया के सभाकक्ष में 2 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ऋतुराज सिंह ने मतदान दलों के अधिकारी एवं कर्मचारी को प्रशिक्षण में उपस्थित होने के निर्देश जारी किए है।

# मध्य प्रदेश पुलिस की ई- विवेचना एप को राष्ट्रीय डिजिटल इंडिया अवार्ड में प्रथम पुरस्कार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित डिजिटल इंडिया अवॉर्ड 2022 के लिए डिजिटल इनिशिएटिव एट ग्रासरूट लेवल कैटेगरी में मध्यप्रदेश पुलिस को प्रथम पुरस्कार (प्लैटिनम) अवॉर्ड प्राप्त हुआ है जिसकी घोषणा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा बुधवार को डिजिटल इंडिया की वेबसाइट पर की गई है। यह अवॉर्ड डिजिटल सेवा प्रदाय करने के लिए दिया जाता है। उक्त अवॉर्ड प्राप्त करने पर मध्यप्रदेश पुलिस के मुखिया पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना ने हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो की टीम को बधाई दी है।

डिजिटल इंडिया अवॉर्ड हेतु नामांकन की प्रक्रिया ऑनलाइन की गई थी जिसमें सम्पूर्ण भारत से नॉमिनेशन प्राप्त हुए थे। नॉमिनेशन की प्रक्रिया में शॉर्टलिस्ट होने के उपरांत एडीजी एससीआरबी चंचल शेखर एवं एआईजी सीसीटीएनएस प्रांजलि शुक्ला द्वारा नई दिल्ली में ज्यूरी के समक्ष ई- विवेचना एप का प्रजेन्टेशन दिया गया। भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के कर कमलों द्वारा 7 जनवरी 2023 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में यह अवॉर्ड मध्यप्रदेश राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो के एडीजी श्री चंचल शेखर और उनकी टीम में शामिल एआईजी हेमंत चौहान, एआईजी प्रांजलि शुक्ला, निरीक्षक इंद्रा नामदेव और हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र रघुवंशी को ई- विवेचना एप के उल्लेखनीय उपयोग और पहल करने के लिए दिया जाएगा।

डिजिटल इंडिया अवॉर्ड के लिए केन्द्र एवं राज्यों की प्रशासनिक संस्थाओं द्वारा पुरस्कार के लिए नामांकन किया जाता है। पुरस्कार के लिए नामांकन, उसकी स्क्रीनिंग आदि प्रक्रिया ऑनलाइन की जाती है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) द्वारा प्रत्येक दो साल में डिजिटल इंडिया पुरस्कार का आयोजन किया जाता है। यह पुरस्कार सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करके सेवायें प्रदान करने तथा डिजिटल माध्यम से प्रशासनिक कार्यों को उत्कृष्ट तरीके से करने के लिए दिया जाता है। एडीजी चंचल शेखर ने बताया कि सीसीटीएनएस के माध्यम से थानों का कार्य डिजिटल हुआ है। स्मार्ट (सेंसिटिव, मोबाइल, अलर्ट, रिलायबल और टेक सेवी) पुलिसिंग की अवधारणा को लागू करने हेतु मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा मैदानी स्तर पर पुलिसकर्मियों को डिजिटल टूल के रूप में ई- विवेचना एप विकसित कर उपलब्ध कराया गया है। विवेचक टैबलेट की सहायता से मौके पर ही वास्तविक समय में विवेचना कर सकते हैं, जिससे अपराध की विवेचना में पारदर्शिता एवम गुणवत्ता आई है। इस एप की मदद से विवेचक घटनास्थल का विवरण जैसे फोटो, वीडियो, गवाहों के बयान, घटनास्थल के वास्तविक निर्देशांक और केस डायरी की जानकारी सीधे सीसीटीएनएस में भर सकते हैं। अब तक इस एप के माध्यम से 24,231+ मामलों में 90724+ से अधिक केस डायरी जमा की जा चुकी हैं।

### विश्व कल्याण और कोरोना मुक्ति की के लिए प्रार्थना

# विशाल ध्वजा चढ़ाने 151 तीर्थ यात्रियों का जत्था रामदेवरा के लिए रवाना

## सनातन संस्कृति के अनुसार ही नववर्ष का धर्म संग स्वागत करें : ढालिया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जीनगर समाज द्वारा संपूर्ण विश्व से कोरोना मुक्ति और विश्व कल्याण हेतु 151 तीर्थयात्रीयो का जत्था भोपाल जोधपुर ट्रेन से रामदेवरा यात्रा के लिए हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा यात्रा प्रभारी पृथ्वीराज चौहान और गोवर्धन परिहार का साफा बांध स्वागत किया इस अवसर पर जीनगर समाज अध्यक्ष भगवानदास ढालिया ने यात्रा के उद्देश्यो पर प्रकाश डालते हुए बाबा रामदेव जी का गुणगान किया इस अवसर पर शहीद बीरबल ढालिया जन कल्याण परिषद के अध्यक्ष अशोक सांकले, राजेश आसेरी, मुरली



डाबी,मोती डाबी, ने यात्रियों को मिष्ठान खिला और गमछा ओढ़ाकर और मास्क देकर स्वागत किया। इस अवसर पर रमेश निर्वाण, सुमन ढालिया, राजू पीड़ियार, हंसराज पीडियार, कमलेश आसेरी, बंटू चौहान,कमल सिसोदिया, सुनील डाबी, दिनेश डाबी, मुकेश पंवार, अनिल चौहान,सहित भारी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे।

# बिजली बिल का भुगतान अधिकृत गेटवे अथवा कंपनी के कैश काउण्टर पर करें

**भोपाल ।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के सम्माननीय बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली बिलों का नगद भुगतान कंपनी के जोन, वितरण केन्द्र कार्यालय, कंपनी की ए.टी.पी.मशीन, पीओएस मशीन अथवा अधिकृत भुगतान केन्द्रों जैसे एम.पी.ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेन्टर पर ही करें। उपभोक्ताओं को बिजली बिलों के केशलेश भुगतान हेतु कंपनी के पोर्टल (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) फोन पे, अमेजान पे, गूगल पे, पेटीएम एप एवं उपाय मोबाइल एप के माध्यम से भी बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि कंपनी अंतर्गत विद्युत देयकों के भुगतान के लिए उपभोक्ता पहचान नंबर यानि आईवीआरएस नंबर की जरूरत होती है। आईवीआरएस नंबर के आधार पर ही जोन, वितरण केन्द्रों या अन्य गेटवे एमपी ऑनलाइन, पेटीएम, फोन पे, गूगल पे, अमेजन पे आदि पर बिजली बिलों का भुगतान होता है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी मोबाइल नंबर से आए फोन के आधार पर किसी भी मोबाइल नंबर पर देयकों की राशि अंतरित न करें। साथ ही अपना पिन नंबर भी किसी के साथ साझा न करें। ज्ञात है कि भोपाल शहर में कई उपभोक्ताओं को एसएमएस, वाट्सएप मैसेज मिले हैं, जिसमें जिक्र है कि आपकी बिजली कुछ घंटों बाद काट दी जाएगी, इसके लिए मोबाइल नंबर विशेष पर संपर्क कर बकाया राशि जमा कराएं। इस प्रकार के एसएमएस, व्हाट्सएप मैसेज फर्जी हैं, इन पर ध्यान नहीं दिया जाए। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को केवल कंपनी की अधिकृत सेंडर आईडी सीसीएमपीसीजेड (छ्ष्टरूक्कष्टर्ं) के माध्यम से एसएमएस एवं मोबाइल नंबर 0755-2551222 के माध्यम से व्हाट्सएप मैसेज भेजे जाते हैं।

### मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधनों का शत-प्रतिशत पालन कराने के निर्देश

भोपाल । पुलिस मुख्यालय द्वारा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों का शत-प्रतिशत पालन कराए जाने के निर्देश जारी किए है। पुलिस उपायुक्त हंसराज सिंह ने नगरीय यातायात पुलिस को दो पहिया वाहन चालक को हेलमेट, चार पहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट की अनिवार्यता एवं मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के पालन करने के लिए निर्देश जारी किए है। जिले के सभी शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों से भी मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों का पालन करने की अपील की गई है और यह भी अपेक्षा की गई है कि नागरिकों को जागरूक करने में भी सहयोग करें।

## परिवार ने की गांधी मेडीकल कालेज को स्व. हुकुमचंद कियावत की देहदान

**भोपाल ।** भोपाल के पूर्व संभागायुक्त कवीन्द्र कियावत ने गुरूवार को अपने स्वर्गीय पिता श्री हुकुमचंद कियावत की देह गांधी मेडीकल कालेज को दान की। कालेज के डीन डॉ. अरविंद राय को कियावत परिवार ने अपने पिता की पार्थिव देह को सुपुर्द किया। स्वर्गीय श्री हुकुमचंद कियावत की देहदान के समय उनके परिवार जनों के साथ ही अनेक प्रशासनिक अधिकारी, स्वयंसेवी, पत्रकार आदि उपस्थित थे । इस अवसर पर सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा तथा शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदना प्रकट की। कवीन्द्र कियावत ने बताया कि उनके पिता की इच्छा थी कि उनके दिवंगत होने पर उनकी देह मेडीकल कालेज के लिए दान की जाए और हम सभी परिवारजनों ने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए देहदान की है । गांधी मेडीकल कालेज के डीन डॉ. राय ने दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय श्री हुकुमचंद कियावत की देहदान से अन्य परिवारों को भी प्रेरणा मिलेगी ।

## अंतरराष्ट्रीय एक्सपो में जैनको के उत्पादों की धूम



**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय एग्री एवं हॉर्टिकल्चर एक्सपो 2022 भोपाल स्थित बिट्टन मार्केट पर आयोजित किया जा रहा है इसमें सिंचाई एवं खेती किसानी में उपयोग होने वाले विभिन्न तरह के उपकरण बनाने वाली एवं डीलर जैनको के उत्पादों को लोगों द्वारा बहुत सराहा जा रहा है जैनको के संचालक आशीष जैन ने बताया कि उनके द्वारा यहां पर खेती संबंधी सभी रेंज के उपकरण उपलब्ध है साथ ही गोबर से तैयार मेनयूर भी है जो 1 एकड़ से अधिक खेती की जमीन को उर्वरकता प्रदान करती है आशीष जैन द्वारा संचालित जैनको पिछले 28 साल से हमीदिया रोड पर संचालित है।

# नगर निगम ने शुरू की 891 बकायादारों की संपत्तियों को कुर्क करने की प्रक्रिया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम द्वारा बकायादारों से संपत्तिकर सहित अन्य करों की वसूली हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है और बकाया करों की राशियों का भुगतान न करने वाले करदाताओं की संपत्तियां को कुर्क करने के उपरांत उनकी नीलामी ई-आक्शन के माध्यम से करने की प्रक्रियां प्रारंभ कर दी गई है। निगम आयुक्त श्री के.वी.एस. चौधरी के निर्देश पर निगम के सभी जोन क्षेत्रों के बकायादारों की संपत्तियों के ई नीलामी संबंधी विज्ञप्तियां समाचार पत्रों में जारी की जा रही हैं। वर्तमान तक निगम द्वारा सभी जोन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले वार्डों की चिन्हित/कुर्क की गई लगभग 2500 संपत्तियों के ई-आक्शन हेतु विज्ञप्तियां जारी की गई हैं। ई-नीलामी हेतु गुरूवार को 13 जोनों के अंतर्गत आने वाले 20 वार्डों के 891 बकायादारों की संपत्तियों की ई-नीलामी हेतु विज्ञप्तियां जारी की गई। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी द्वारा बकाया करों की वसूली एवं निगम की आय में वृद्धि हेतु लगातार प्रभावी ढंग से कार्यवाही के दृष्टिगत गुरूवार को बकायादारों की संपत्तियों के ई-आक्शन हेतु विज्ञप्तियां जारी की

निगम आयुक्त चौधरी ने सभी वार्ड क्षेत्रों के सौ-सौ बकायादारों की संपत्तियों को कुर्क एवं नीलाम करने के निर्देशों के परिपालन में सभी वार्डों में बकायादारों को नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173, 174, 175 एवं धारा 178 के तहत देयक/ नोटिस/ अंतिम सूचना पत्र जारी करने की कार्यवाही पूर्ण करते हुये संपत्तियां कुर्क की और कुर्क संपत्तियों को ई-आक्शन के माध्यम से नीलामी की प्रक्रिया की जा रही है।

इसके अतिरिक्त निगम आयुक्त श्री चौधरी ने निर्देशित किया है कि 31 दिसम्बर 2022 तक संपत्तिकर के बड़े बकायादारों को देयकों की तामील सुनिश्चित की जाये और 20 हजार रूपये से अधिक राशि के करदाताओं से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर बकाया एवं चालू वित्त वर्ष के करों की राशि जमा कराने हेतु प्रेरित करें साथ ही करदाताओं को यह भी जानकारी दी जायेगी यदि मार्च 2023 तक संपत्तिकर की राशि जमा नहीं की गई तो स्वयं के उपयोग वाली संपत्तियों पर दी जाने वाली 50 प्रतिशत की रियायत खत्म कर दी जायेगी जिससे करदाता को दोगुनी राशि अदा करनी होगी।

## किसानों को खेतों में नरवाई न जलाने की एडवाइजरी जारी

**भोपाल ।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग द्वारा किसानों को खेतों में नरवाई न जलाने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि उपलब्ध फसल अवशेषों को जलाने की बजाए वापिस भूमि में मिला देने से कई लाभ प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष खेतों में सढ़कर, मुद्रा कार्बेनिक पदार्थ की मात्रा में वृद्धि करते है और कार्बेनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ने से मिट्टी सतह की कठोरता कम करता है। जल धारण क्षमता एवं भूमि वातन में वृद्धि होती है। मिट्टी के रसायनिक गुण जैसे उपलब्ध पोषक तत्वों की मात्रा, मिट्टी की विद्युत चालकता एवं मिट्टी के पीएच में सुधार होता है।

उप संचालक सुमन प्रसाद ने बताया कि खेतों में नरवाई जलाने से विभिन्न प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती है जिसमें मिट्टी की उर्वराशक्ति नष्ट होना, भूमि सख्त होना, भूमि की जलधारण क्षमता में कमी, मिट्टी में कार्बेन मात्रा में कम होने के साथ - साथ, धरती का तापमान बढ़ना, भूसे की कमी और जल धन जंगल के नष्ट होने का खतरा बना रहता है। उप संचालक श्रीमती प्रसाद ने अपील की है कि किसान नरवाई का उपयोग खाद एवं भूसा बनाने में करें। उन्होंने कहा कि भूसे और डंठल को खेत में ही एम.बी.प्लाऊ से गहरी जुताई कर उसको मिट्टी में दबाए जिससे इसका खाद बन सके। खेतो में प्लाऊ करने से वर्षा का पानी अधिक से अधिक खेत में संचय होता है।

# सांवेर विधानसभा क्षेत्र को विकास के क्षेत्र में रखा जाएगा आगे : सिंधिया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इंदौर के सांवेर में 5 करोड़ 50 लाख रूपये लागत से निर्मित सिविल अस्पताल का लोकार्पण किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, आईडीए के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, विधायक और जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि सांवेर को विकास के हर क्षेत्र में आगे रखा जाएगा। आज सांवेर में विकास का नया सूर्योदय हो रहा है। विकास के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए जनता को सभी सुविधाएँ मिलेंगी। सिंधिया ने कहा कि विश्व सिरमौर भारत को बनाने का सपना संजोते हुए अमर शहीदों ने जो बलिदान दिया था, उनकी सोच और परिकल्पना को चरितार्थ करने के लिए हम सब साथ खड़े हैं। आज विकास की नई गाथाएँ लिखी जा रही है। सड़कों का जाल पूरे प्रदेश में बिछा हुआ है। सिंचाई के लिए पानी और बिजली लगातार उपलब्ध हो रही है। सिंधिया ने कहा कि सांवेर को मिली सिविल अस्पताल की सौगात से सबको लाभ मिलेगा। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास से युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे हैं। विकास को नई रफ्तार मिल रही है। गति लगातार बढ़ रही है, आने वाले समय में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत तीसरे नंबर की अर्थ-व्यवस्था बन जायेगी। तीन हजार करोड़ रूपये की सिंचाई परियोजना मंजूर की गई है। सांवेर और मालवा की फसल अंतरराष्ट्रीय स्तर की होती है। इसकी डिमांड हर जगह है। इसके लिए यह सिंचाई परियोजना वरदान साबित होंगी। जो वादा किया था, उसको पूरा करने के लिए सबके साथ आगे बढ़ रहे हैं। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कहा कि सांवेर को आज 50 बिस्तरीय अस्पताल के रूप में बड़ी सौगात मिली है। यहाँ इंदौर जैसी सुविधा मिलेंगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी, उस घोषणा को पूरा करने के लिए आज ज्योतिरादित्य सिंधिया आए है। मंत्री सिलावट ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में भी हमने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सांवेर के महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई भी शुरू हो गयी है।

सांवेर में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। सांवेर में 100 से अधिक सड़कों का उन्नयन और नव-निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सांवेर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा लगातार बढ़ रही है। नर्मदा का जल गाँवों तक पहुँचाने की व्यवस्था की गयी है। सिलावट ने बताया की सांवेर विधानसभा क्षेत्र में 149 करोड़ रूपये की लागत से 200 से अधिक गाँवों में जल जीवन मिशन से घर-घर पानी उपलब्ध कराया जा रहा हैं।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर सुधार हुआ है। एक हजार से अधिक स्वास्थ्य संस्थाओं का उन्नयन किया गया है। क्षेत्रीय सांसद लालवानी ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के कुशल मार्गदर्शन में देश में हवाई-सुविधाओं का विस्तार हुआ है। उन्होंने बताया कि आज ही इंदौर हवाई-अड्डे में घूँघट लिये महिलाओं को तीर्थ-यात्रा के लिये जाते देखा। यह एक सुखद बदलाव है।




## गरीबों की रोजी-रोटी छीन रही है भाजपा सरकार: परिहार

**भोपाल।** प्रवासी सम्मेलन के नाम पर प्रदेश की भाजपा सरकार अपनी झूठी छवि चमकाने का असफल प्रयास कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संतोष सिंह परिहार ने कहा है कि भाजपा सरकार दिखावा ही करती रहती है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर प्रदेश के लाखों लोग बेरोजगार हैं, कई परिवारों के पास दो वक्त के खाने की व्यवस्था नहीं है। वहीं प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर में तो सरकार ने हद ही कर दी है। वहां प्रवासी भारतीय सम्मेलन के नाम पर कई गरीबों का रोजगार, उनकी रोजी-रोटी छीनी जा रही है। उन्होंने कहा कि इंदौर में एयरपोर्ट रोड की झुग्गीबस्ती को लोहे की दीवारों से ढका जा रहा है। यहां तक तो ठीक, उन्हें प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास के तहत आज तक आवास नहीं दिए जा सके हैं। एयरपोर्ट के ठीक सामने, सर्विस रोड के लिए पटेल कॉलोनी के करीब 35 मकानों के आगे का हिस्सा तोड़ दिया गया है। यहां लोगों की 30-40 दुकानें हैं, जिन्हें पूरी तरह ढक दिया गया है, इस स्थिति में मुख्य मार्ग से कोई दुकान नहीं दिखेगी। रहवासी कहते हैं, दुकान बंद हो गई तो सडक़ पर आ जाएंगे, परिवार का भरण पोषण कैसे होगा? उनकी कोई व्यवस्था सरकार ने नहीं की है। कुछ लोगों के लिए तो कर्ज चुकाने की दिक्कत खड़ी हो जाएगी। सरकार ईवेंट ही करती है, लेकिन रोजगार देने में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। और रोजगार देती है, तो व्यापमं जैसे घोटाले कर दिए जाते हैं। इंदौर में फिर ईवेंट हो रहा है, लेकिन सरकार यह नहीं बता पाई कि पिछले इन्वेस्टर्स समिट में कितने निवेशक सम्मेलनों में आए, जिनसे प्रदेश को क्या हासिल हुआ? श्री परिहार ने कहा कि भाजपा कुछ भी कर ले, अपनी छवि चमकाने के कितने ही ढोल बजा लें, जनता अब इनकी असलियत जान चुकी है और अब झांसे में आने वाली नही है।

## बीआरटीएस कारिडोर में एंबुलेंस और बाइक की भिड़ंत, दो की मौत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

श्यामला हिल्स के बाणगंगा और पालिटेक्निक के बीच बीआरटीएस कारिडोर में गुरुवार शाम साढ़े सात बजे के करीब बाइक और एंबुलेंस में आमने- सामने भिड़त हो गई। इसमें बाइक सवार युवती समेत दो लोगों की मौत हो गई, जब दो लोगों को नाजुक हालत में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस एंबुलेंस को जब्त कर लिया है।जहां घटना हुई, वहां पुलिस का चेकिंग प्वाइंट रहता है। श्यामला हिल्स थाना प्रभारी उमेश यादव के मुताबिक सोमवार शाम करीब साढ़े 7 बजे के आसपास बाइक पर पलासिया जिला छिंदवाड़ा निवासी 20 वर्षीय कांता धारवे अपने साथ दीपिका (19), अंजली(17) और प्रियंका (20) को लेकर घूमने निकले थे। घूमकर वह वापस पालिटेक्निक चौराहे की तरफ से न्यू मार्केट की तरफ आ रहे थे।



**कारिडोर में कार को ओवरटेक करते सामने एंबुलेंस आ गई :** बाइक सवार कांता धारवे एक बाइक पर चार लोगों को बिठाकर थे। वह पालिटेक्निक से न्यू मार्केट जाने के लिए बीआरटीएस कॉरिडोर में घुस आया था और एक आगे चल रही एक कार को ओवरटेक करते ही सामने एंबुलेंस आ गई। उसने बाइक को जोरदार टक्कर मारी। इससे बाइक सवार करीब दस फीट तक घिसटते चले गए। बाइक सवार लड़कियों उछलकर दूर जाकर गिरी।

इस बाइक चला रहा कांता धारवे और दीपिका की मौके पर मौत हो गई। जबकि प्रियंका और अंजली को गंभीर चोट लगी है। दोनों को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों को होश नहीं आया है।

## एफएमडी टीकाकरण का लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश : डॉ. रामटेके

**भोपाल।** उप संचालक, पुश चिकित्सा सेवाएं ने जिले में एनएडीसीपी के अंतर्गत पशुओं में एफएमडी रोग का टीकाकरण में सीरोमोनिटरिंग का लक्ष्य पूर्ण किया जाना है। इस संबंध में डॉ. अजय रामटेके ने संस्था प्रभारी पशु चिकित्सालय बैरसिया, नजीराबाद और तूमड़ा को निर्देश दिए है कि पशुओं के टीकाकरण के पूर्व एवं पश्चात के सीरम नमूने एकत्र कर समय-सीमा में राज्य पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला भोपाल को भेजा जमा करने और कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए है। डॉ. रामटेके ने बताया कि एनएडीसीपी के अंतर्गत एफएमडी रोग का द्वितीय चरण प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार जिले के टीकाकरण का आकलन कर सीरोमोनिटरिंग प्रक्रिया अपनाई जाए। उन्होंने कहा कि सीरोमोनिटरिंग के लिए ग्रामों का चयन भारत सरकार द्वारा किया गया है। सीरम नमूने के साथ पशुओं का टैग नंबर एवं वैक्सीन की जानकारी आवश्यक है। चयनित ग्रामों की सूची एवं सीरम नमूने की कोडिंग भी की जाना है। डॉ. रामटेके ने बताया कि गाय एवं भैंस प्रजाति के पशुओं का एफएमडी टीकाकरण किया जाना है इसके लिए चयनित ग्रामों में सीरम नमूने के लिए पशुओं को 3 आयु वर्ग में बांटा गया है इनमें 6 से 12 माह के पशुओं के 50 प्रतिशत नमूने, 13 से 24 माह के पशुओं के 40 प्रतिशत नमूने, 24 माह से बढ़े पशुओं के 10 प्रतिशत नमूने लिया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि चयनित गांव में टीकाकरण के पूर्व के सीरम नमूने एकत्र कर उसी दिन टीकाकरण किए जाए और टीकाकरण के बाद नमूने टीकाकरण के 21 से 28 दिन बाद उन्हीं जानवर से एकत्र किया जाए। उन्होंने कहा कि एक पशु मालिक के अधिकतम दो पशुओं से ही सीरम नमूना लिया जाए।

## 3 जनवरी को जनसुनवाई, विद्युत शिकायतों का होगा निराकरण

**भोपाल ।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहर के बिजली उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों के शीघ्र निराकरण के लिए 3 जनवरी 2023 को शहर वृत्त कार्यालय में बिद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम द्वारा इस जनसुनवाई में भोपाल शहर के विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों की सुनवाई की जाएगी तथा शिकातयों का त्वरित निराकरण भी किया जाएगा। इसी क्रम में कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की जनसुनवाई का आयोजन शहर वृत्त कार्यालय, सुल्तानिया रोड, रायल मार्केट में सुबह 11 बजे से शाम 4 तक किया जाएगा। कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि इस जनसुनवाई के माध्यम से बिजली उपभोक्ता अपनी विद्युत संबंधी शिकायतों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

## शनिवार को बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र में 31 दिसम्बर (शनिवार) को बिजली बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त छुट्टी के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में कैश काउंटरों पर बिल भुगतान और भोपाल शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित ए.टी.पी. मशीन में भी बिल भुगतान कर सकते हैं। बिलों के भुगतान की सुविधा एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर, कंपनी पोर्टल portal.mpcz.in (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) फोन पे, अमेजान पे, गूगल पे, पेटीएम एप एवं उपाय मोबाइल एप में भी उपलब्ध है।

## महानगरों की तर्ज पर अत्याधुनिक तैयार होगा राहतगढ़ का बस स्टैंड: गोविन्द सिंह राजपूत

**सागर।** महानगरों की तर्ज पर सर्व सुविधा युक्त अत्याधुनिक बस स्टैंड तैयार होगा। उक्त विचार राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुर्खी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़ विकासखंड में बस स्टैंड की भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर व्यक्त किए । बस स्टैंड के भूमि पूजन के अवसर पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि राहतगढ़ के विकास में पैसे बाधा नहीं बनेंगे उन्होंने कहा कि राहतगढ़ को महानगरों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा बस स्टैंड से इसकी शुरुआत की जा रही है।

उन्होंने कहा कि राहतगढ़ में करोड़ों रुपए की लागत से अत्याधुनिक सुविधा युक्त बस स्टैंड तैयार किया जा रहा है जिसमें यात्रियों के लिए यात्री प्रतीक्षालय, व्यवसाय कांप्लेक्स तैयार होगा ।

उन्होंने कहा कि जो भी दुकानदार बस स्टैंड से विस्थापित होंगे उनको प्राथमिकता के साथ व्यवसाय कांप्लेक्स में स्थान दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि इसी प्रकार रेस्ट हाउस को भी यहां से स्थानांतरित कर सर्व सुविधा युक्त अन्यत्र तैयार किया जा रहा है।

मंत्री राजपूत ने कहा कि राहतगढ़ विदिशा चौराहे से रेस्ट हाउस बस स्टैंड तक आधुनिक सड़क बनाई जा रही है जिसमें अत्याधुनिक लाइटिंग की जा रही है और पौधारोपण भी किया जा रहा है उन्होंने कहा कि इस रोड को देखने के लिए सागर नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लोग आएंगे। मंत्री ने कहा कि राहतगढ़ में बन रहे खेल परिसर स्टेडियम का नाम लोहे पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल होगा। मंत्री श्री राजपूत ने समस्त राहतगढ़ वासियों से कहा कि आप सभी उस जगह को चिन्हित करें जहां की दिल से लिखा जा सके आई लव राहतगढ़ ।



इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह बटयावदा, नीरज शर्मा, गोलू राय ,अमित राय विनोद कपूर, शैलेंद्र श्रीवास्तव, पार्षद नेकीराम खटीक, पुष्पेंद्र मीणा ,बबलू पंडा, विजय सिंह विनोद कपूर अनुराग पाठक, अंकित अग्रवाल, रामकुमार यादव ललित शौकीन रामू नेमा, सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता तथा क्षेत्रवासी शासकीय विभाग के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

**राहतगढ़ में रोजगार मेला संपन्न:** परिवहन एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे रोजगार लेने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बने गुरुवार को सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़ में आयोजित विशाल रोजगार मेला के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। विशाल रोजगार मेला में श्री राजपूत ने कहा कि सभी युवा अपनी योग्यता को पहचाने एवं चुनौतियों का सामना करते हुए स्वरोजगार प्रारंभ करें, जिससे कि वे रोजगार के साथ स्वरोजगार देने वाले भी बन सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 3 लाख से अधिक भर्तियां की जा रही हैं।

### संघर्ष ही सफलता की कहानी लिखता हैः आकाश सिंह राजपूत

विशाल रोजगार मेला में युवा नेता आकाश सिंह राजपूत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि संघर्ष ही सफलता की कहानी लिखता है अपने आराम को और परिवार का मोह छोड़कर अपना कैरियर बनाने के लिए संघर्ष करें सफलता आपके कदम चूमेगी संघर्ष ही आपको नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा कोई भी काम छोटा बड़ा नहीं होता है इसलिए बिना झिझक के हर काम को प्राथमिकता और ईमानदारी से करें। इस अवसर पर सर्वश्री विनोद कपूर, नीरज शर्मा, गोलू राय, गोविंद सिंह, शैलेंद्र श्रीवास्तव, अरविंद सिंह राजपूत टिंकू राजा, आकाश सिंह राजपूत, अनिल श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह, रोजगार अधिकारी एमके नागवंशी, अंगूरी सिंह, जिला उद्योग प्रबंधक मंदाकिनी पांडे, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी एवं युवक-युवतियां मौजूद थे।

## एम्स में किया स्टूडेंट वेलनेस सेंटर का उद्घाटन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स में स्टूडेंट वेलनेस सेंटर (एसडब्ल्यूसी) की सेवाओं का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक और सीईओ, एम्स, भोपाल प्रो. (डॉ.) अजय सिंह, ने किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तनाव हमारे जीवन का हिस्सा बन गया है, जो कभी-कभी अच्छा होता है, लेकिन हमें यह पहचानने की जरूरत है कि तनाव किस स्तर पर हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है और अनावश्यक मानसिक बोझ को कम करने के लिए विशेषज्ञों की मदद लें । यह उद्घाटन समारोह मनोरोग चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित किया गया था । कार्यक्रम में संस्थान के डीन (अकादमिक), डीन (छात्र कल्याण), चिकित्सा अधीक्षक एम्स, भोपाल, प्रभारी प्राचार्या नर्सिंग कॉलेज तथा एम्स, भोपाल के विभिन्न वर्गों (पूर्वस्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों सहित) छात्र समूहों और संस्थान के अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। एम्स भोपाल में स्टूडेंट वेलनेस सेंटर (एसडब्ल्यूसी) का उद्देश्य एम्स, भोपाल में चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए नामांकित छात्रों के अकेलेपन के मुद्दों से निपटना है । चिकित्सा या नर्सिंग जैसे पेशेवर अध्ययन के दौरान छात्रों में नए परिवेश में समायोजन या परीक्षा अवधि के समय अवसाद, चिंता, नींद की कमी, भूख न लगना जैसी व्यवहारिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं ।



एसडब्ल्यूसी द्वारा अकेलेपन की समस्याओं तथा मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के मूल्यांकन, आवश्यक परामर्श तथा निदान और उपचार के लिए आवश्यक रेफरल सेवाएं प्रदान की जाती हैं । एसडब्ल्यूसी की सेवाओं के तहत् प्राप्त जानकारी और उपचार के लिए आए व्यक्तियों की गोपनीयता विशेष ध्यान रखा जाता है । मनोरोग चिकित्सा विभाग एम्स, भोपाल का एक प्रमुख विभाग है और इसके संकाय सदस्य एसडब्ल्यूसी की नैदानिक और मनोवैज्ञानिक सेवाओं के संपादन में शामिल हैं ।

प्रोफेसर विजेंद्र सिंह, विभागाध्यक्ष मनोरोग चिकित्सा विभाग ने बताया कि एम्स, भोपाल के मेडिकल और नर्सिंग छात्रों के लिए व्यापक मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही थी । संस्थान के छात्रों के लिए इससे संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए में मनोचिकित्सा विभाग एम्स, भोपाल द्वारा चौबीसों घंटे हेल्पलाइन का संचालन किया रहा है ।

## एम्स और इंडियन डेंटल एसोसिएशन के बीच एमओयू पर किए हस्ताक्षर

मध्य प्रदेश के डेंटल सर्जनों के लाभ के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स भोपाल और इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) के मध्य एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं । यह एमओयू प्रो.(डॉ.) अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक, एम्स, भोपाल, डॉ. प्रतिमा वाजपेयी, अध्यक्ष आईडीए, मध्यप्रदेश, डॉ. राजेश मलिक, डीन (अकादमिक), दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. पंकज गोयल और डॉ. अंशुल राय की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया । एमओयू के तहत् अवलोकन (ऑब्जर्वरशिप) कार्यक्रम के माध्यम से दंत चिकित्सकों (न्यूनतम 5) को एम्स, भोपाल के दंत चिकित्सा विभाग में न्यूनतम 15 दिनों के लिए तैनात किया जाएगा । उक्त अवधि के दौरान वे शैक्षणिक गतिविधियों जैसे जर्नल क्लब, सेमिनार आदि में भाग लेंगे और दंत चिकित्सा विभाग में की जाने वाली सभी सर्जिकल और दंत प्रक्रियाओं का अवलोकन करेंगे । अवलोकन प्रक्रिया (ऑब्जर्वरशिप) दंत विज्ञान के नव स्नातकों के लिए नवीन कौशल, तकनीक और सर्जिकल प्रक्रियाओं को सीखने में लाभकारी होगी । ऑब्जर्वर-शिप के सफल समापन के बाद, सभी उम्मीदवारों को ऑब्जर्वरशिप पूर्णता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा ।



स म्पा द की य

# ठीक ही कह रहीं है उमा!

भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और स्टार प्रचारक उमा भारती वैसे तो आजकल अपने शराब विरोधी अभियान के लिए चर्चाओं में हैं, लेकिन उनके और भी बयान चौंकाने वाले आ रहे हैं। राजनीति में भगवान राम और भगवा रंग को लेकर मैदान में जमने वाली भारतीय जनता पार्टी के लिए उनका बयान वाकई ध्यान देने योग्य है। उन्होंने हाल ही में कहा है कि भगवान राम और हनुमान की भक्ति पर भाजपा का कॉपीराइट नहीं है। भगवान राम और हनुमान भाजपा के कार्यकर्ता नहीं हैं। जब भाजपा का अस्तित्व नहीं था, जब मुगल शासन था, अंग्रेजों का शासन था, तब भी भगवान राम और हनुमान थे।

बचपन से प्रवचनकर्ता रहीं उमा यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने कहा- अगर हम भाजपा वालों ने ये भ्रम पाल लिया है कि नहीं हमने आंखें खोली, तब सूरज-चांद निकल आए, तो फिर ये हमारे लिए विनाशकारी साबित होगा। शायद आज यही हो रहा है और समाज में कहीं न कहीं इससे गलत संदेश भी जा रहा है। असल में वे छिंदवाड़ा के सिमरिया में कमलनाथ द्वारा बनवाए गए हनुमान मंदिर गई थीं, जहां उन्होंने दर्शन किए। साथ ही साफ कहा कि भगवान राम का भक्त कोई भी हो सकता है। जहां डेमोक्रेसी है, वहां कोई व्यक्ति, कोई जाति पॉलिटिकल सिस्टम का बंधक नहीं हो सकता। हम ये भ्रम न पालें कि सारा हिंदू समाज हमारा वोटर होगा। चाहे हमने राम मंदिर का निर्माण किया हो। हिमाचल में हम नहीं जीत पाए। क्या वे अहिंदू थे जिन्होंने हमें वोट नहीं दिया? पार्टी का कार्यकर्ता और नेता मर्यादा में बंधा है, मतदाता स्वतंत्र है। तो क्या उमा भारती अपनी ही पार्टी के नेताओं को कड़ा संदेश देना चाह रही हैं? क्या वो मान रही हैं कि भाजपा जिस रणनीति को अपना रही है, वो बहुत दिन चलने वाली नहीं है?

स्वयं को अब पूर्ण संन्यासी का दर्जा देने वाली उमा भारती कहती हैं- देश की तीन लॉबी बहुत खतरनाक हैं- शराब लॉबी, खनन लॉबी और पावर लॉबी। ये देश को खा जाना चाहती हैं। कहा जा रहा है कि बिहार में जहरीली शराब से मौतें हुईं। क्या मुरैना में नहीं हुई थी जहरीली शराब से मौतें। यहां तो शराबबंदी नहीं है। मैं शराब से बहुत नफरत करती हूं। मेरा वश चलेगा तो मैं शराब का नाम-ओ-निशान मिटा दूंगी। चूंकि, मुझे ये मानना पड़ा कि एक नियंत्रित वितरण शराब प्रणाली होना चाहिए, इस पर मैं एग्री हूं। भारत की दो व्यवस्थाएं बहुत खराब हैं। एक शिक्षा की और दूसरी स्वास्थ्य की। सरकार और प्राइवेट व्यवस्था में बहुत बड़ा अंतर है। मैं यह नहीं कहूंगी कि सरकारी जैसी व्यवस्था कर दीजिए, फिर तो देश ही बदहाल हो जाएगा। प्राइवेट जैसी सरकारी व्यवस्था कर देना चाहिए।

उमा भारती कह तो बहुत सही रही हैं, अब ये मानने वाले या मानने वालों पर है कि वे उनकी कितनी बात मानते हैं। फिर भी, कहीं न कहीं, उनके बयान और वक्तव्य चर्चाओं में तो आ ही रहे हैं। कुछ लोग तो ये दावा भी करने लगे हैं कि उनका मन भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से खट्टा हो गया है, क्योंकि पार्टी की तरफ से न तो उन्हें कोई विशेष जिम्मेदारी दी जा रही है और न ही उनका पार्टी में पूर्व जैसा सम्मान ही बचा है। सो पार्टी के कुछ नेता उनके बयानों को उनका फ्रस्टेशन भी कहने लगे हैं, लेकिन अगर देखा जाए तो उमा भारती के बयानों में काफी कुछ सच्चाई है और पिछले कुछ समय से देश की बदलती राजनीतिक हवाएं उसे प्रमाणित भी कर रही हैं। किसी के स्वीकार करने या न करने से सच बदल तो नहीं जाता। स्वांत सुखाय के सिद्धांत पर आखिर कब तक चलते रहेंगे? सच को मानना समय की आवश्यकता है और उसके अनुसार हमें स्वयं को और अपनी रणनीतियों को बदल ही लेना चाहिए।

## जानलेवा होती चाकलेट

चाकलेट का नाम आते ही कम से कम बच्चों के मुंह में तो पानी आ ही जाता है। और बड़े भी खासी संख्या में इन्हें पसंद करते हैं। लेकिन आज जो खबर आई है वो चाकलेट प्रेमियों के लिए ठीक नहीं है। खबर के अनुसार अमेरिका में 28 अलग-अलग डार्क चॉकलेट में लेड और कैडमियम जैसी हैवी मेटल यानि घातक तत्वों की अधिकता पाई गई है। यह बहुत खतरनाक है। यह बच्चों से लेकर बुजुर्गों को बीमार बनाता है, लेकिन बच्चों पर इसका असर ज्यादा होता है। डॉक्टरों का कहना है कि डॉर्क चॉकलेट में कैडमियम से किडनी फेल तक हो सकता है।

शरीर में लेड की मात्रा बढ़ने से बच्चों का न्यूरोलॉजिकल विकास नहीं हो पाता। इससे दिमाग छोटा रह जाता है। बच्चा मानसिक तौर पर हमेशा के लिए बीमार हो सकते हैं। कई बार मानसिक संतुलन पूरी तरह बिगड़ने की आशंका होती है। डॉर्क चॉकलेट में लेड और कैडमियम जैसे भारी तत्वों की अधिकता से हाई बीपी की समस्या हो जाती है। छोटे बच्चे भी बीपी के मरीज बन सकते हैं। 23 चॉकलेट बार में हैवी मेटल्स की इतनी ज्यादा मात्रा पाई गई कि यह स्वास्थ्य को खराब करने के लिए पर्याप्त थी। कंज्यूमर रिपोर्ट्स के अनुसार, कैडमियम और लेड अलग-अलग तरीकों से चॉकलेट में मिलते हैं। कैडमियम उस मिट्टी में मौजूद होता है जहां कोको बीन्स उगते हैं, जबकि वहीं सीसा धूल में होता है जो बीन्स की ऊपरी परत पर जमा हो जाता है। इसलिए अब सरकारों को भी कोई नियंत्रक नीति बनाना चाहिए, और खाने वाले भी सावधान रहें।

# कामना और संभावना पर सवार, लोकतंत्र के घुड़सवार

**सरयूसुत मिश्रा**

21वीं सदी का एक और साल पूरा हो रहा है। नया साल नई शुरुआत और नए संकल्पों का अवसर माना जाता है। कई लोग बुरी आदतों को छोड़ने और अच्छी आदतों को अमल में लाने का संकल्प लेते हैं। भविष्य कामना से पैदा होता है, इच्छा से पैदा होता है। जीना हमेशा वर्तमान में होता है। मानव जाति का संकट ही यह है कि वर्तमान में जीना छोड़कर भविष्य की इच्छाओं और कामनाओं के लिए पूरी दौड़ ताउम्र चलती रहती है..!

इंसान के जीवन की दौड़ में राजनीति का अहम योगदान है। राजनीति की हमेशा कोशिश होती है कि कामना को नए पंख दिए जाएं। भविष्य के सपने के भ्रमजाल को वर्तमान पर ताकत के साथ बनाए रखा जाए। इच्छापूर्ति के लिए लाभ और लोभ के राजनीतिक मॉडल को राजनीति की सफलता का पैमाना माना जा रहा है। लोकतंत्र की शासन प्रणाली में शासन के लिए जनता स्वयं अपना घुड़सवार चुनती है। लोकतंत्र के घुड़सवार कामना और संभावना पर सवार होकर ना तो स्वयं वर्तमान में जीना चाहते हैं और ना ही लोक को जीने देते हैं।

पल-पल वर्तमान में जीना ही जीवन का वास्तविक आनंद है। राजनीति सपने और लोभ के ऐसे-ऐसे तरीके इजाद करती है कि दिखावे में मिलने वाला राजनीति का सुख भी दीर्घकालीन दुख में बदल जाता है। वैसे तो नया साल, ना पुराना साल, ना भूत ना भविष्य सब कुछ वर्तमान पर ही निर्भर है। राजनीति के लिए भविष्य का संकल्प यही कहा जा सकता है कि वह वर्तमान में जीना शुरू करे। राजनीति की यह अप्रोच और सोच लोकतंत्र को निश्चित ही मजबूत करेगी।

लोकतंत्र पर अध्ययन करने वाली एक संस्था की रिपोर्ट ने इस प्रणाली के वर्तमान हालातों पर चिंता पैदा कर दी है। अमेरिका सहित दुनिया के 104 देशों में लोकतंत्र की हालत ठीक नहीं है। लोकतांत्रिक देशों में रहने वाले अधिकाँश लोग शक्तिशाली नेता चाहते हैं। दुनिया में तेजी से हो रहे ध्रुवीकरण को इस रिपोर्ट में चिंताजनक बताते हुए कहा गया है कि लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। दुनिया में असमानता तेजी से बढ़ रही है। चुनाव में भरोसा घट रहा है।



इस रिपोर्ट के अनुसार लोकतांत्रिक देशों में रहने वाले लोगों के मूल्यों, उनके सोचने समझने के तरीके में बदलाव आया है। लोकतंत्र के हिमायती अब ताकतवर नेता चाहते हैं। तरक्की और राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा के लिए ताकतवर नेता लोकतंत्र की बेसिक जरूरत बन गया है।

इस रिपोर्ट का भारत के संदर्भ में विश्लेषण किया जाए तो यही पता चलता है कि भारत ने भी एक ताकतवर नेता के हाथ में अपने लोकतंत्र को सौंपने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकतंत्र के इतिहास में सामान्य परिस्थितियों में जनविश्वास का नया इतिहास निर्मित किया है। जोड़-तोड़ की सरकारों के बीच स्पष्ट बहुमत के साथ विचारधारा के द्वन्द में अपनी विचारधारा को स्थापित करने में मोदी की लीडरशिप में बीजेपी ने सफलता प्राप्त की है। किसी भी राजनीतिक दल की राजनीतिक सफलता अपनी जगह है लेकिन देश की सफलता सबसे जरूरी है।

राजनीति आज धर्म-जाति, संप्रदाय का पर्याय बनी हुई है। विकास के मुद्दे राजनीति में पिछड़ते जाते हैं। सिस्टम में उपलब्ध पद, साधन और संसाधनों को जातियों और वर्गों में बांटने की रणनीति क्या लोकतंत्र को दीर्घकाल में मजबूत करेगी? राजनीति, गुलामी और परतंत्रता की मानसिकता को क्या बढ़ावा नहीं दे रही है? हर राजनीतिक विचारधारा और दल ऐसा सोचते और प्रयास करते हैं कि आम लोग उनके चिंतन पर आगे बढ़ें।

कहीं धर्म और जाति के नाम पर लोगों को अपने साथ जोड़े रखने का प्रयास किया जाता है तो कहीं अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक के नाम पर सत्ता की राजनीति का लाभ उठाया जाता है। आजादी के अमृत काल के दौर में भी विकास के पैमाने पर अगर राजनीति को आंका जाए तो स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है कि जो समस्याएं और कठिनाइयां आजादी के समय थीं, कमोबेश वही परिस्थितियां वर्तमान में भी विद्यमान हैं। ऐसा नहीं है कि बदलाव नहीं आया लेकिन जो बुनियादी प्रॉब्लम हैं वे वहीं की वहीं बनी हुई हैं।

गरीबी को ही अगर देखा जाए तो क्या गरीबी खत्म हो गई है? गरीबी से निपटने के लिए कभी 'गरीबी हटाओ' सरकार का नारा हुआ करता था। इन नारों पर कई चुनाव जीते गए हैं। क्या वर्तमान में गरीबी खत्म हो गई है? गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों की तादाद कमोबेश अनुपात में वही बनी हुई है। पहले राजनीति का एजेंडा 'रोटी कपड़ा और मकान' के लिए अलग-अलग नामों से क्रियान्वित होता था। आज भी यही एजेंडा क्रियान्वित हो रहा है। योनाओं के नाम अलग हो सकते हैं लेकिन योजना की बुनियाद वहीं के वहीं बनी हुई है।

पद-प्रतिष्ठा, लाभ अगर सुख देते हुए दिखाई पड़ते हैं तो इसे सुख मानना बड़ी भूल साबित होती है। सिद्धांत: जो बात सुख दे सकती है तो उसमें दुख शामिल होगा, क्योंकि कोई भी चीज शास्वत नहीं है। कभी न कभी वह समाप्त होगी, नष्ट होगी, खत्म होगी। जब सुख देने वाली चीज खत्म होगी तो उसी से दुख मिलेगा। मुफ्तखोरी की योजनाओं के लोभ में सुख लेने की प्रवृत्ति अंततः दुख ही पहुंचाएगी।

लोकतंत्र में स्वतंत्रता के साथ चिंतन और कदम बुनियादी जरूरत है। राजनीति ऐसा प्रयास करती है कि येन-केन प्रकारेण लोग कोल्हू के बैल जैसे उनकी विचारधारा, उनकी योजनाओं और सिद्धांतों के पीछे चलते रहें। स्वतंत्र चिंतन राजनीति के लिए नुकसान देह माना जाता है।

देश में मुख्यता कांग्रेस और भाजपा विचारधारा के स्तर पर राजनीति की दो धाराएं मानी जा सकती हैं। राजनीति से सृजन गायब हो गया है। राजनीति में झूठ ने स्थितियों को बोझिल बना दिया है। धर्म में तो नास्तिक होने का अवसर होता है लेकिन राजनीति में वह भी अवसर नहीं मिलता। किसी न किसी दल के साथ आस्तिक होना पड़ेगा।

जोड़ने और तोड़ने के वैचारिक संघर्ष में किसी एक तरफ चलना आम लोगों की मजबूरी बन जाती है। राजनीति में और चुनाव प्रक्रिया में जो खामियां सबको पता हैं, उनको भी सुधारने की कोई पहल क्यों नहीं की जाती, यह समझ के परे है? विरोध और निंदा राजनीति की जीवन पद्धति बन गया है। वास्तविकता पर कोई बात नहीं करना चाहता। राजनीतिक डायलॉग डिलीवरी एक प्रोफेशनल एप्रोच बन गया है।

राजनीतिक पाप और पुण्य को समझने के लिए आम लोगों को राजनीतिक मूर्छा से बाहर निकलना होगा। होशपूर्वक राजनीतिक जीवन जीना होगा। स्वतंत्र चिंतन प्रोत्साहित करना होगा। गलत विचार, गलत बातों और दिखावटीपन के विरोध में क्रोध प्रदर्शित करना पड़ेगा। जनाक्रोश ही राजनीति की शुद्धता और शुचिता को नया स्वरूप प्रदान कर सकता है। अभी तो ऐसा लगता है कि राजनीति आंसू की कड़ाही में पकौड़े तल रही है।

# 2023: राजकोषीय जवाबदेही की चिंता कहीं पीछे न छूट जाए

**-राकेश दुबे**

और वर्ष 2022 अपने अंतिम दिन में है 7 यह वर्ष अर्थात जाता 2022 जिस संज्ञा को लेकर जा रहा है वो नकदी की आसान उपलब्धता की समाप्ति वाला वर्ष है। और इसी कारण आने वाला वर्ष 2023 ऊंची ब्याज दरों और धीमी वैश्विक वृद्धि वाला होगा। भारत में भी विभिन्न कारणों से आर्थिक नतीजों पर इसका असर पड़ेगा। अनिच्छा के बाद देश के बड़े बैंक एक साथ मिलकर मुद्रास्फीति का मुकाबला कर रहे हैं क्योंकि यह स्पष्ट हो चुका है कि मुद्रास्फीति में इजाफा अस्थायी नहीं था।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अनुमान लगाया या था कि 2023 में वैश्विक वृद्धि दर घटकर 2.7 प्रतिशत रह जाएगी जबकि 2021 में यह 6 प्रतिशत थी। विकसित विश्व का एक बड़ा हिस्सा 2023 में मंदी का शिकार हो सकता है। काफी कुछ इस बात पर भी निर्भर करेगा कि मुद्रास्फीति पर कितनी जल्दी नियंत्रण हासिल किया जाता है। धीमी होती वैश्विक वृद्धि तथा विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ऊंची ब्याज दरें बड़ी तादाद में विकासशील देशों को प्रभावित कर रही हैं। आईएमएफ द्वारा संकटग्रस्त देशों को दिए जाने वाले कर्ज ने 2022 में रिकॉर्ड ऊंचाई छू ली है। चूंकि निकट भविष्य में हालात सुधरते नहीं दिख रहे हैं इसलिए और अधिक देशों को मदद की आवश्यकता होगी।

कहने को भारत की स्थिति मजबूत है लेकिन बाहरी क्षेत्र की चुनौतियां 2023 में भी जारी रहने की उम्मीद है। पेशेवर अनुमान लगाने वालों ने भारतीय रिजर्व बैंक के लिए अनुमान लगाया है कि चालू वित्त वर्ष में चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 3.4 प्रतिशत के बराबर हो जाएगा। हालांकि अनुमान है कि 2023-24 में यह घटकर 2.7 प्रतिशत रह जाएगी लेकिन वैश्विक अनिश्चितता के कारण हालात बदल भी सकते हैं। निर्यात और पूंजी प्रवाह दोनों प्रभावित हो सकते हैं क्योंकि वैश्विक मांग में कमी आई है और विकसित देशों, खासकर अमेरिका में ब्याज दरें ऊंची हैं।

विकसित देशों में उच्च मुद्रास्फीति आंशिक रूप से इस वजह से भी है क्योंकि महामारी के दौरान अतिरिक्त मौद्रिक और राजकोषीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराया गया। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण जो उथलपुथल मची उसने भी मूल्यों पर दबाव बढ़ा दिया है। चीन में कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण आपूर्ति श्रृंखला के निकट भविष्य में सामान्य होने की संभावना नहीं है। चीन में मंदी आ रही है जबकि हालिया दशकों में वह वैश्विक वृद्धि का अहम कारक रहा है। जाहिर है यह मंदी समग्र वैश्विक वृद्धि को प्रभावित करेगी।

इन परिस्थितियों में भारतीय नीति निर्माताओं के लिए वृद्धि पर जोर देना एक चुनौती होगी। रिजर्व बैंक ने जहां चालू चक्र में नीतिगत दरों में 225 आधार अंकों का इजाफा किया है, वहीं और इजाफे की उम्मीद है। चूंकि वह मुद्रास्फीति का लक्ष्य हासिल करने में चूक गया है इसलिए उच्च दरों को तब तक बरकरार रखना होगा जब तक कि मुद्रास्फीति स्थायी रूप से 4प्रतिशत के लक्ष्य के करीब नहीं हो जाती।

स्थापित सिद्धांत है तुलनात्मक रूप से ऊंची ब्याज दरें आर्थिक गतिविधियों को बाधित करती हैं। हालांकि आईएमएफ का अनुमान है कि 2023-24 में वृद्धि दर घटकर 6.1 प्रतिशत रह जाएगी जबकि इस वर्ष यह 6.8 प्रतिशत है। हालांकि वास्तविक परिणाम इससे भी कम रह सकता है। राजकोषीय मोर्चे पर देखें तो एक ओर जहां सरकार चालू वर्ष में घाटे का लक्ष्य हासिल करने को लेकर आश्वस्त है, वहीं यह देखना होगा कि सरकार अगले वर्ष सुदृढ़ीकरण के पथ पर वो किस प्रकार बढ़ती है।

वैसे बीते सप्ताह सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुफ्त खाद्यान्न मुहैया कराने का जो निर्णय लिया उसने भी इस विश्वास को क्षति पहुंचाई है। चूंकि 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले 2023 में नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए यह जोखिम भी है राजकोषीय जवाबदेही की चिंता कहीं पीछे न छूट जाए। सार्वजनिक ऋण और बजट घाटे के स्तर को देखते हुए इसके चलते दीर्घावधि में वृद्धि और वृहद स्थिरता के लिए जोखिम उत्पन्न हो सकता है।

# पीने और सरकार को कोसने का बड़ा बहाना

**सरयूसुत मिश्रा**

शहरों में शराब का 'कारो-बार' आसानी से देखा और महसूस किया जा सकता है। जब देसी और विदेशी शराब की कंपोजिट दुकानें खोली गई थी, तब भी सरकार को आलोचना का शिकार होना पड़ा था। अब तो ऐसा कहा जा रहा है कि सरकार घर-घर में बार बनाने का मौका दे रही है। विपक्षी पार्टियां तो सरकार पर मध्यप्रदेश को 'मद्यप्रदेश' बनाने का आरोप लगा रही हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सरकार के कारण लोग पी रहे हैं? शराब अगर उपलब्ध नहीं होगी तो क्या लोग पीना छोड़ देंगे? किसी भी चीज की उपलब्धता या अनुपलब्धता क्या उसके उपयोग को नियंत्रित करती है? मांग पर पूर्ति का सिद्धांत है या पूर्ति पर मांग क्रिएट होती है?

राजनीति और सरकारों के लिए शराब फायदे का विषय है,तो इससे सिरदर्द भी कम नहीं मिलता। शराब से मिलने वाला राजस्व सरकारों के लिए जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही राजनीति के लिए शराब और नशा जनाक्रोश का विषय बनता है। कोई भी सरकार खुलेआम तो यह कहने का साहस नहीं करती कि शराब की दुकानें हर गली मोहल्ले में खोली जाएंगी। इसके बाद भी हर गली मोहल्लों में शराब सहजता से उपलब्ध हो जाती है। हर राज्य में शराबबंदी के लिए राजनीतिक आंदोलन आम बात है। जिन राज्यों में शराबबंदी कर दी है उन राज्यों में शराब की उपलब्धता नहीं है ऐसा नहीं कहा जा सकता।

गुजरात और बिहार में शराबबंदी है। इन दोनों राज्यों में शराब आसानी से मिल रही है। शराबबंदी से एक और व्यवसाय आकार ले लेता है, जहां शराब की सप्लाई का माफिया काम करने लगता है जो लोग माफिया से शराब लेना अफोर्ड नहीं कर सकते वह शराब का निर्माण या घटिया शराब के उपभोग के चक्र में फंस जाते हैं। बिहार में हाल ही में जहरीली शराब के कारण सैकड़ों लोगों की जान गई है। मध्यप्रदेश में भी कई बार जहरीली शराब से लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।

शराब की सप्लाई और शराबबंदी की मांग सरकारों को कोसने का बड़ा बहाना बन गई हैं, जैसे पीने के लिए बहाने की जरूरत होती है, वैसे सरकार को कटघरे में खड़ा करने के लिए शराब का बहाना अपना राजनीतिक काम करता रहता है। कई राजनेता तो शराबबंदी को ही अपनी राजनीति का माध्यम बना लेते हैं। जहां तक मध्यप्रदेश का सवाल है मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार यह कहते हैं कि जन जागरूकता से नशाबंदी उनका लक्ष्य है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती शराबबंदी के लिए समय-समय पर आवाज उठाती रहती हैं। कई बार तो उन्होंने शराब दुकानों पर जाकर पत्थर तक मारे हैं पर उनकी किसी भी आवाज का अभी तक कोई सकारात्मक असर दिखाई नहीं पड़ा है।

शहर में कहीं भी दवा की दुकानें उपलब्ध हैं तो क्या उसके कारण बीमारी बढ़ जाएगी? बीमारी तो अपने कारणों से आयेगी, जब बीमारी आएगी तभी कोई व्यक्ति दवा के लिए दुकान पर जाएगा। ऐसी स्थिति शराब के बारे में भी माननी चाहिए। पीने की प्रवृत्ति दुकान के कारण नहीं है, पीने के कारण दुकान और उपलब्धता बढ़ रही है।

सरकारों द्वारा राज्य में शराब उपलब्ध कराने की व्यवस्था को लेकर समाज भी विभाजित दिखाई पड़ता है। समाज का बहुत बड़ा हिस्सा शराब की उपलब्धता को नशाखोरी का बड़ा कारण बनता है। इसके कारण घरों में विशेषकर महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सियासत में शराब का उपयोग आम बात है। कोई चुनाव हो और शराब का उपयोग ना हो, ऐसा कम ही होता है।

इंसान की सबसे बड़ी समस्या पाखंड है। कोई भी वैसा नहीं दिखना चाहता जैसा वह वास्तव में है। इस बारे में एक प्रचलित कहानी है। एक फोटो की दुकान पर फोटो खिंचवाने के लिए रेट लिस्ट लगी हुई थी। उसमें लिखा हुआ था, आप जैसे हैं वैसी ही फोटो खिंचवाना है तो 10 और अगर आप ऐसा फोटो खिंचवाना चाहते हैं जैसा आप दिखना चाहते हैं तो उसकी दर 20 रुपए।

एक सामान्य व्यक्ति फोटो खिंचाने दुकान पर गया। जब उसने रेट लिस्ट देखी तो उसे आश्चर्य हुआ कि यह कैसी रेट लिस्ट है? उसने फोटोग्राफर से पूछा कि भाई यह कैसी रेट लिस्ट है? जो जैसा है वैसे ही तो फोटो खींचा जाएगा। दुकान मालिक ने कहा, यहां ऐसा कोई भी नहीं आता जो जैसा है वैसे फोटो खिंचवाना चाहता हो। अधिकांश लोग जैसा दिखना चाहते हैं वैसा फोटो खिंचवाना चाहते हैं।

जीवन का यही पाखंड है कि जो जैसा है वैसा नहीं दिखना चाहता। उसकी कोशिश है कि उसका चेहरा लोगों की नजर में अच्छा रहे, भले ही अंदर से उसका सोच-विचार और चिंतन उल्टा हो। शराब के साथ भी ऐसा ही पाखंड जुड़ा हुआ है।

पीने वाले छुप कर पीना चाहते हैं। अधिकांश पीने वाले दुकान पर जाकर शराब खरीदने से भी बचना चाहते हैं। शराब अगर सस्ती मिल जाए तो इससे अच्छी बात नहीं होगी लेकिन अगर शराब के विरुद्ध सार्वजनिक वक्तव्य देने की बात है तो पीने वाला जितना बेहतर उसके दुष्प्रभाव के बारे में विचार रख सकता है उतना नहीं पीने वाला शायद नहीं रख पाएगा।

शराब पर राजनीति जहां सरकारों के राजस्व को प्रभावित करती है, वहीं जहरीली और घटिया शराब की उपलब्धता को अवसर देती है। माफिया भी इन कारणों से पैदा होते हैं। शराब पर एक राष्ट्रीय नीति होनी चाहिए। निजी खानपान के विषय कानून से कैसे नियंत्रित हो सकते हैं? सरकारों को जागरुकता के जरूर विशेष रूप से प्रयास करना चाहिए।

नशाखोरी जहां स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है वहीं समाज के लिए भी हानिकारक है। समाज के लिए तो शराब के अलावा भी कई चीजें हानिकारक हैं। एक के लिए हानिकारक दूसरे के लिए लाभदायक, यही समाज का और राजनीति का पैमाना बना हुआ है। इसी आधार पर जनमत को प्रभावित किया जाता है। कई बार अगर बड़ा समूह हानिकारक तथ्यों को ही स्वीकार कर रहा है तो फिर उसको प्रभावित करने के लिए हानिकारक फैसले ही अमल में लाए जाते हैं।

यह विवाद का विषय है कि शराब की उपलब्धता किस स्तर पर होना चाहिए? सरकार उसमें किस तरह से भूमिका का निर्वहन करे? शराब पर शेरो शायरी और कविताओं का अगर अवलोकन किया जाएगा तो ऐसा समझ आएगा कि शराब से भी बड़े-बड़े नशे में लोग झूम रहे हैं और विक्षिप्त अवस्था में जीवन ऊर्जा को बर्बाद कर रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# देवरी समिति में धान खरीदी के नाम पर प्रबंधक जनार्दन ठग रहा किसानों को

## जहा प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को सर्व सुविधा मुहैया करा धान खरीदी का वादा किया जा रहा है वही शाशन की मंशा को पालिता लगाने का ठेका देवरी न 1 के समिति प्रबंधक जनार्दन ने ले रखा है

विश्व भूषण पाण्डेय

**शहडोल।** प्रदेश भर मे जहा धान खरीदी का कार्यक्रम जारी है लाखो की तादात मे किसान अपने धान को खरीदी केंद्र तक लाकर अपनी मेहनत को साकार करने का सपने देख आते है तो वही समितियों मे बैठे प्रबंधक व वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा उनकी रोजी रोटी पर इस कदर तक पालिता लगाया जाता है मानो ये शाशकीय धान नहीं इनके घर की खेती हो जिसका जीता जागता प्रमाण हमारे सामने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति देवरी न 1 के ग्राम लफदा खरीदी केंद्र मे देखने को मिला जहाँ शाशन द्वारा यह साफ साफ निर्देश दिए गये है की बोरी के भार सहित धान की खरीदी लगभग 40.600 ग्राम होनी चाहिए परन्तु यहाँ पर किसानों से प्रति बोरी 41 से 41.200 ग्राम तक की भर्ती करवाई जा रही है यही नहीं नाम सामने ना आने के वादे को लेकर दबी जुबान यह तक बताया की किसानों से प्रति बोरी सिलाई के नाम पर 1 से 2 रुपये तक की मांग की जा रही है 7

**प्रति बोरी 1 से 1.50 किलो तक हो रहा अवैध भर्ती–** उक्त प्रकरण के सम्बन्ध मे जब हमारी टीम द्वारा किसानों से चर्चा की गई तो उनके द्वारा यह बताया गया की समिति प्रबंधक जनार्दन शुक्ला द्वारा भर्ती के नाम पर जहा शाशकीय पोर्टल पर 40 किलो की भर्ती दर्शाई जा रही है तो वही हम सभी किसानों से 41 से 41.200 तक की भर्ती करने को बोला गया है और जो भी किसान इससे इंकार कर्ता है तो उस किसान से दादागिरी करते हुए उसकी धान 2 से 3 दिन तक रोक दी जाति है जिसके चलते हम सभी किसान हताश और मजबूर हो चुके है।





**पैसे ना देने पर करते है दादागिरी–** उक्त विषय के सम्बन्ध मे किसानों से जानकारी ली गई तो बताया गया की समिति प्रबंधक द्वारा बोरी सिलाई के नाम पर प्रति किसान 1 से 2 रुपये की मांग की जा रही है और जिस भी किसान द्वारा पैसे देने से मना किया जाता है तो दादागिरी के साथ उनका धान लेने मे 2 से 3 दिन की देरी भी की जाति है जिसके चलते आये दिन किसानों के साथ विवाद होना आम साबित हो चुका है।

**वरिष्ठ अधिकारी के निरिक्षण के बावजूद चल रही भररेशाही–** सूत्रों की माने तो जनार्दन शुक्ला के आवभागत की सीमा इस हद तक पहुंच चुकी है की कोई भी अधिकारी आने से पहले इनके दरबार मे जरूर हाजरी देता है यही नहीं इनके समिति के निरिक्षण के सम्बन्ध मे यह बात अब हर ग्रामीणों के जुबान मे आम हो चुकी है की शुक्ला जी के मायाजाल के आगे अधिकारियो ने भी मानो घुटने टेक दिए है तभी तो शाशन प्रशासन के कड़े दिशा निर्देश के बावजूद इनकी भररेशाही मौन होने का नाम नहीं ले रही है।



### इनका कहना है

मेरे द्वारा नियम अनुसार ही धान की खरीदी करवाई जा रही है आपको जिस भी किसान ने बताया है वो झूठ है।

**– जनार्दन शुक्ला**
समिति प्रबंधक
आदिम जाती सेवा सहकारी समिति देवरी ( लफदा )

मेरी जानकारी मे नहीं है आप भेजिए तत्काल दिखवाकर कार्यवाही की जावेगी।

**– चंद्र प्रताप भदौरिया**
उपायुक्त सहकारिता
शहडोल

इस सम्बन्ध मे जब कॉल किया गया तो कॉल रिसीव नहीं हुआ।

**– वंदना वैध**
कलेक्टर शहडोल

## राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत कृषकों से आवेदन आमंत्रित

**खण्डवा।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 में फल क्षेत्र विस्तार परियोजना के तहत अमरूद फलपौध रोपण ड्रिप सहित के 50 हेक्टेयर एवं अनार ड्रिप सहित 50 हेक्टेयर के लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उप संचालक उद्यानिकी ने बताया कि इच्छुक कृषक उक्त योजना का लाभ लेने हेतु विभागीय पोर्टल द्वश्चद्ध-ह्यह्लह्य.द्वश्च.द्श1.द्वठ्ठ पर आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय उप संचालक उद्यान, जेल रोड़, सिविल लाईन्स, खण्डवा में एवं वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी विकासखण्ड खण्डवा, छैगांवमाखन, पंधाना, पुनासा, खालवा, हरसूद एवं बलडी से संपर्क कर सकते है।

## समस्त आग्नेय शस्त्र अनुज्ञप्तियाँ 23 जनवरी तक निलंबित

**धार।** जिला दण्डाधिकारी श्री प्रियंक मिश्रा ने नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2022 ( उत्तरार्द्ध ) चुनाव की घोषणा के साथ ही म.प्र. आयुध अधिनियम 1959 की धारा-17 ( 3 ) ( ख ) प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धार जिले की नगरपालिका परिषद धार, मनावर, पीथमपुर एवं नगर परिषद धरमपुरी, धामनोद, कुक्षी, राजगढ़, सरदारपुर, डही निर्वाचन सीमाक्षेत्र अन्तर्गत समस्त आग्नेय शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की अनुज्ञप्तियां ( फार्म नंबर-3 एवं 5 ) आदेश दिनांक से 23 जनवरी 2023 तक के लिए निलंबित किए जाने का आदेश जारी किया है। आदेश के तहत न्यायाधीशगण, कार्यपालिक दण्डाधिकारी, आर्मी सेवा में लगे अधिकारीगण, कर्मचारीगण, बी.एस.एफ. एस.ए.एफ. बैंक में कार्यरत् आर्म्स गार्ड, पुलिस, होमगार्ड, प्रायवेट बैंकों में सिक्युरिटी एजेंसी गार्डों को लायसेंस जो सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लगे हैं, कि अनुज्ञप्तियों को छोड़कर धार जिले की नगरपालिका परिषद धार, मनावर, पीथमपुर एवं नगर परिषद धरमपुरी, धामनोद, कुक्षी राजगढ़, सरदारपुर, डही निर्वाचन सीमाक्षेत्र अन्तर्गत समस्त आग्नेय अनुज्ञप्तिधारियों की अनुज्ञप्तियां ( फार्म नंबर-3 एवं 5 ) आदेश दिनांक से 23 जनवरी 2023 तक के लिए निलंबित की गई है। यदि किसी अनुज्ञप्तिधारी/व्यक्ति विशेष के पदीय स्थिति अथवा व्यक्तिगत सुरक्षा के चलते उक्त आदेश से छूट प्राप्त करने की आवश्यकता हो तो यह सकारण/औचित्य सहित पुलिस अधीक्षक धार को आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा।

## लायसेंसधारकों को तीसरा शस्त्र जमा कराना अनिवार्य

**छतरपुर।** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आयुध अधिनियम 1959 की धारा 3 आयुध ( संशोधन ) अधिनियम 2020 द्वारा संशोधित प्रावधान के तहत लायसेंसधारको का तीसरा शस्त्र दिनांक 13.12.2020 तक जमा कराये जाने हेतु कार्यालयीन विज्ञप्ति संख्या 588/शस्त्र/ 2020 दिनांक 07.08.2020 जारी की गई थी। अनुज्ञप्तिधारकों द्वारा अपना तीसरा शस्त्र अपने शस्त्र लायसेंस से कम नहीं किया म.प्र. शासन द्वारा तीसरे शस्त्र का नवीनीकरण पोर्टल से बंद कर दिया है ऐसी स्थिति में लायसेंसधारियों को सूचित किया जाता है कि आप अपना तीसरा शस्त्र जमा कराये जाने हेतु आवेदन-पत्र कलेक्टर कार्यालय छतरपुर में 31 जनवरी 2023 तक जमा करान सुनिश्चित करे। नियत दिनांक के बाद तीसरे शस्त्र विकय संबंधी आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेगें तथा जिनके पास तीसरा शस्त्र पाया जाता है ऐसे अनुज्ञप्तिधारी के विरूद्ध आयुष अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी जिसके लिये लायसेंसधारक स्वयं जिम्मेदार होगा।

## शिविर में तिलक कर एवं पुष्पमाला पहनाकर किया गया दिव्यांगो का स्वागत

### मेडिकल बोर्ड द्वारा 1282 दिव्यांगों को प्रमाण पत्र जारी, एम्लिकों टीम द्वारा 303 का चिन्हांकन

**सीहोर।** दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित करने के लिए जिलेभर में दिव्यांगों के चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत इछावर में भी शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एसडीएम श्री विष्णु यादव ने दिव्यांगों को तिलक लगाकर, पुष्प माला पहनाकर उनके स्वागत के साथ शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में दिव्यांगजनों के लिए ट्रायसिकल, उनके बैठने, पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। शिविर में सहयोग और संवेदनशील व्यवहार के लिए शासकीय कर्मचारियों की दिव्यांगो ने सराहना की। शिविर में जिला स्तरीय दल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर दिव्यांगों के प्रमाण पत्र जारी किए गए। इस शिविर में 1322 दिव्यांगो का पंजीयन किया गया। शिविर में मेडिकल बोर्ड द्वारा कुल 1282 दिव्यांगों को प्रमाण पत्र जारी किए गए। जिसमें 706 अस्थि बाधित, 91 दृष्टिबाधित, 81 श्रवण बाधित, 196 मानसिक दिव्यांगता, तीन बहु दिव्यांगो को प्रमाण पत्र जारी किए गए तथा 206 दिव्यांगों को उपचार के लिए रेफर किया गया।

## नगरपालिका के मेहराघाट जल संयंत्र पर चोरी का प्रयास

### सीएमओ ने एफआईआर दर्ज करने लिखा पत्र

**इटारसी।** नगर पालिका परिषद इटारसी के मेहराघाट तवा नदी पर स्थित जल संयंत्र स्टेशन पर चोरी का प्रयास हुआ है। यहां बीती रात तीन चोरों ने नगर पालिका की संपत्ति को चुराने का प्रयास किया। इस दौरान नगरपालिका कर्मचारियों की नजर उन पर पड़ी तो उन्हें रोका। जिस पर उनके बीच विवाद हो गया। अंधेरे का फायदा उठाकर चोर वहां से भाग गए। चोरों की पहचान नगरपालिका कर्मचारियों ने कर ली है। नगर पालिका सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने रामपुर थाना प्रभारी को पत्र लिखकर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आग्रह किया है। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे द्वारा भी लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान से चर्चा की गई और दोनों घटनाओं की एफआईआर दर्ज कराने का आग्रह किया है। नगरपालिका सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने बताया कि जल कार्य कर्मचारियों ने बताया कि पंजारा गांव निवासी देवेंद्र मुन्ना, देवराज मीनोरवले और रोहित तुलसीराम द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया। तीनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का पत्र दिया गया। इससे पहले जनता स?कूल में नगरपालिका परिषद इटारसी की पानी की टंकी से पाइप काटकर उसे चोरी करने के इरादे से घूसे तीन बदमाशों को नगरपालिका के कर्मचारियों ने पकड लिया था। तीनों को रंगें हाथों पकडने के बाद उन?हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया था।

## जिला अस्पताल में प्रसूता की मौत, परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

**सीहोर।** जिला अस्पताल सीहोर में डॉक्टरों की लापरवाही का खामियाजा प्रसूता महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। 3 दिन पहले भी एक प्रसूता महिला की डिलीवरी वार्ड में ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी इसी प्रकार का मामला गुरुवार को भी सामने आया है सीजर ऑपरेशन के दौरान संग्रामपुर की रानू सूर्यवंशी पति रोहित सूर्यवंशी की मौत हो गई। यह ऑपरेशन जिला अस्पताल की डॉक्टर निधि अग्रवाल के द्वारा किया गया था, जहाँ बच्ची को जन्म दिया है यह बच्ची आईसीयू में भर्ती है इधर परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

## कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस



**इटारसी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर काँग्रेस के तत्वाधान में काँग्रेस जनों ने स्थापना दिवस मनाया। सुबह सभी कांग्रेसजनों ने गांधी स्टेडियम स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर काँग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर ने कहा कि काँग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 में हुई आज देश मे स्वतंत्रता आंदोलन से स्वंतत्र भारत के आज तक के समय मे देश के निर्माण व विकास में अहम भूमिका रही जब आज देश मे अराजकता नफरत का वातावरण बनाया जा रहा है तो सर्वधर्म समभाव व संविधान व लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु काँग्रेस ही संघर्षरत है और विकल्प भी है प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजकुमार केलु उपाध्याय ने कांग्रेस को त्याग और बलिदान की परिपाटी वाला संगठन बताया, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव मयुर जायसवाल ने कहा कि युवाओं का भविष्य काँग्रेस ही सुरक्षित रख सकती है ,प्रदेश ?प्रवक्ता युवा कांग्रेस गुफरान अंसारी ने कहा कि आज देश मे मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से हमारे नेता राहुल गांधी व कांग्रेस के कार्यकर्ता दे रहे है,

विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस गोल्डी बेस ने महात्मा गांधी की विचारधारा पर चलने की आवश्यकता की बात कही, युवा कांग्रेस नेता बाबू हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के इतिहास ने यह सिद्ध किया है कि कांग्रेस त्याग,तपस्या,बलिदान की वाली पार्टी है , पूर्व पार्षद मुन्ना सिद्दीकी ने कहा कि देश मे सभी धर्मों, सभी वर्गो का सम्मान काँग्रेस ने किया यह अमन भाईचारे का संदेश देने व कार्य करने वाली पार्टी है।

**भोजन व मिष्ठान वितरण–** रात्रि 9 बजे इटारसी रेल्वे स्टेशन पर सभी काँग्रेसजनों ने नगर कांग्रेस के द्वारा इटारसी रोटी बैंक के माध्यम से भोजन व मिष्ठान वितरित किया।

इस अवसर पर दोनो आयोजनों में जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी,पूर्व पार्षद सुरेश मालवीय,प्रदेश महामंत्री अल्पसंख्यक विभग लाली सलूजा,काँग्रेस खेल विभाग जिला अध्यक्ष रामशंकर सोनकर,जिला महामंत्री राजेन्द्र तोमर,जिला महामंत्री शेख रमजान,अंटू भाटिया,राहुल दुबे,धर्मेन्द्र मालवीय,प्रतीक मालवीय,जितेंद्र उत्प्रीत,विक्रमादित्य तिवारी, सतीष बेस,सौम्य दुबे,नीरज राठौर, विक्की साहू,रमेश जैन,रवि अग्रवाल,सचिन तिवारी,अशोक दुबे,भरत राजपूत,अनूप गांचले, प्रणीत मिश्रा सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## राज्य शासन की कायाकल्प योजना से बदलेगी शहर की मुख्य सड़कों की दशा: चेतन्य काश्यप

### महापौर प्रहलाद पटेल और नगर निगम के अधिकारियों के साथ हुई प्राथमिक बैठक

**रतलाम ।** कायाकल्प योजना के तहत अब शहर की मुख्य सड़कों की दशा बदलने का काम होगा। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में नगरीय निकायों से प्रस्ताव भी बुलवाएं गए हैं। इसे लेकर विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इसमें महापौर प्रहलाद पटेल, नगर निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट, इंजीनियर जी.के. जायसवाल, सहायक इंजीनियर अनवर कुरैशी उपस्थित रहे।



सड़कों के कायाकल्प के तहत शहर की मुख्य नई सड़कों का निर्माण कराए जाने के साथ ही सड़कों के चौड़ीकरण और उनकी मरम्मत का कार्य होगा। इसके संबंध में शासन की ओर से 15 जनवरी तक नगरीय निकाय से प्रस्ताव बुलाए गए हैं। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए शहर में किन प्रमुख सड़कों का कायाकल्प किया जाए, उस सम्बंध में प्राथमिक रूप से चर्चा की गई।

विधायक काश्यप ने बताया कि कायाकल्प योजना के तहत नगरीय क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ आवागमन के लिए अच्छी, मजबूत एवं आरामदेह सड़क उपलब्ध कराई जाना है। सड़कों के गुणवत्तापूर्ण नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण के कार्य को अभियान के रूप में योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने के उद्देश्य से ÷कायाकल्प अभियान÷ प्रारंभ किया गया है। इसमें डामरीकृत सड़कों के नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण के साथ ही सीमेन्ट कांक्रीट की सड़कों का मजबूतीकरण और पुनः निर्माण के कार्य किए जाएंगे।

## आर्मी बैंड की देशभक्ति पूर्ण मनमोहक प्रस्तुति से पचमढ़ी में शुरू हुआ नवरंग समारोह

**नर्मदापुरम।** देश के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल पचमढ़ी में हाट बाजार में नवरंग समारोह के रूप में नए वर्ष का आगाज शुरू हो गया है। सर्वप्रथम आर्मी बैंड की रंगारंग देशभक्ति पूर्ण आकर्षक प्रस्तुति ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद पर्यटकों,अतिथियों व श्रोताओं का मनमोह लिया। जिला प्रशासन नर्मदापुरम द्वारा हिल स्टेशन पचमढ़ी में पहली बार आजादी के अमृत महोत्सव की बेला में नान स्टाप 75 घंटे कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरुआत हो गई है। जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। नवरंग के इन तमाम आयोजन से पचमढ़ी एक अलग ही नए रूप में आकर्षक हो गई है। आर्मी बैंड की धुन 'कांपी थी धरती गूंजा आसमान' 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा और ए मेरे वतन के लोगो की प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। प्रकृति के नजारे, शीतकालीन अवकाश और मनोरंजन के साथ फुड फेस्टिवल के रूप में जैविक व्यंजनों के लुफ्त से सैलानियों का आनंद चौगुना हो रहा है।



**आर्मी बैंड की प्रस्तुति ने समां बांधा–** आर्मी बैंड की प्रस्तुति ने समां बांध दिया। यह प्रस्तुति कमांडेंट सेना शिक्षा कोर के बिग्रेडियर श्री वी के भट्ट के मार्गदर्शन में हुई। इस प्रस्तुति में सेना के प्रमुख वाद्य यंत्रों में जायलोफोन,सक्सोफोन, बांसुरी आदि ने समां बांध दिया। आर्मी बैंड का नेतृत्व लेफ्टीनेंट कमांडर श्री प्रदीप कुमार, सूबेदार केपी थापा ने किया। संचालन इंस्ट्रक्टर उदय भट्ट ने किया।

## गुरुद्वारा संत संतोख सिंह जी अर्जुन नगर में बाल वीर दिवस शहीदी दिवस

**ओबैदुल्लागंज (संवाददाता)** नगर के वार्ड नंबर 10 में गुरुद्वारा संत संतोख सिंह में वीर बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया । गुरु गोविंद सिंह जी के 4 साहेबजादे ने , अपनी सनातन संस्कृति एवं राष्ट्र की रक्षा करने हेतु अपना बलिदान इसी बाल दिवस को दिया था । इसीलिए आज के दिन शहीदी पर्व बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है । सिख समुदाय के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्र थे अपने प्राण निछावर करने वाले चारों साहबजादे । इस अवसर पर शाम को नगर कीर्तन के रूप में रेली निकाली गई , होशंगाबाद मार्ग के पंचायती गुरुद्वारे से चलकर गुरुद्वारा संत संतोख सिंहजी अर्जुन नगर पहुंची , तत्पश्चात गुरुद्वारा में कथाकार जगजीत सिंह ( जीते ) भैया ने साध संगत को संबोधित करते हुए चार साहिब जादों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमें भी धर्म और देश के पीछे हमेशा शहीदी देने के लिए तैयार रहना चाहिए, तभी हम चार साहिब जादे एवं गुरु गोविंद सिंह जी के सच्चे सिपाही माने जाएंगे । तत्पश्चात गुरूघर के वज़ीर भाई भगवान सिहं ने अरदास की , अरदास के उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरता गया । कार्यक्रम में , सुरजीत सिंह बिल्ले, सुरजीत सिंह गिल , दुल्ले भैया , बिट्टू भैया , राजू भैया , लख्वी , हरदीप भैया लखविंदर सिंह मनजीत सिंह पवन खालसा आदि सहित माताऐ एवं बहनें बाल गोपाल भी बड़ी संख्या में उपस्थित थीं ।



## दस हजार श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद

### 12 घंटे चला विशाल रामकथा भंडारा



**इटारसी।** पोटर खोली स्थित हनुमान जी मंदिर में नौ दिवसीय राम कथा का कार्यक्रम संपन्न होने के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भक्तों के द्वारा किया गया। यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा सुनने का सौभाग्य 9 दिनों तक प्राप्त किया। कथा के अंतिम दिवस पर नगर भोज प्रसाद भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया । सर्व सम्मति से हुए इस कार्यक्रम में करीब दस हजार श्रद्धालुओ ने भंडारे में प्रसाद प्राप्त किया, इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे, पार्षद श्रीमती ओझा , पार्षद सीमा भदोरिया, रेलवे खानपान ठेकेदार रवि तिवारी, डॉक्टर श्रीधर, अनिल भदौरिया, भानु भदोरिया, आशीष भदोरिया, ने मुख्य रूप से आयोजकों की भूमिका निभाई । श्री राम कथा प्रसादी में शहर के कई गणमान्य नागरिकों सहित रेलवे स्टेशन की खानपान व्यवस्था को देखने वाले रेवासियों ने परिवार सहित प्रसाद प्राप्त किया ।

## कोरोना के संभावित खतरे को देखकर पूर्व विधायक रामकिशन पटेल ने किया बरेली अस्पताल का निरीक्षण

**बरेली।** मध्यप्रदेश में कोरोना के संभावित खतरे को देखकर अब प्रशासनिक अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं इसी तारतम्य में उदयपुरा विधानसभा के भाजपा के पूर्व विधायक रामकिशन पटेल के नेतृत्व में बरेली नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत चौधरी सहित जनप्रतिनिधियों ने बरेली सिविल हॉस्पिटल का निरीक्षण कर अस्पताल के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर हेमंत यादव से अस्पताल में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर ,ऑक्सीजन सिलेंडर एवं उपलब्ध बेड आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। वही मीडिया से चर्चा करते हुए पूर्व विधायक रामकिशन पटेल ने कहा कि अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और कोरोनावायरस खतरे को देखकर अस्पताल में क्या व्यवस्थाएं की जा रही है इस संबंध में निरीक्षण किया क्षेत्र के लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो जिस को लेकर आवश्यक निर्देश अस्पताल प्रबंधक को दिए हैं।



## मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना के तहत आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**खण्डवा।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनान्तर्गत उद्योग, सेवा एवं खुदरा व्यवसाय अर्थात रिटेल ट्रेड के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजनान्तर्गत उद्योग क्षेत्र के लिए 50 हजार से 50 लाख रूपए तक अथवा सेवा अथवा खुदरा व्यवसाय के लिए 50 हजार से 25 लाख तक की परियोजना लागत सीमा निर्धारित की गई है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि योजना में 18 से 45 वर्ष और न्यूनतम 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान त्रैमासिक की दर से 7 वर्ष तक देय होगा। योजना का संचालन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इच्छुक आवेदक योजना की विस्तृत जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

**8 वी उत्तीर्ण एवं 18 से 45 वर्ष की आयु के हितग्राही भी कर सकते है आवेदन**

योजना में उद्योग के अन्तर्गत अनाज पिसाई, बेसन निर्माण, मसाला उद्योग, अचार निर्माण, पापड़ उद्योग, आलू चिप्स निर्माण, बेकरी उद्योग, मिल्क प्रोडक्ट, फेब्रीकेशन कार्य, फ्लेक्स निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, दोना-पत्तल निर्माण, दाल मील, पी.वी.सी. ग्रेनुअल्स, फर्नीचर निर्माण, फ्लाय एश ब्रिक्स तथा, बांस शिल्प आदि के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार सेवा इकाई क्षेत्र में कम्प्यूटर सर्विस सेंटर, मोबाईल रिपेयरिंग सेंटर, ब्यूटीपार्लर, टेंट हाऊस, सेंट्रींग कार्य, रेस्टोरेन्ट, चिकित्सा सेवा, वाहन मरम्मत व सर्विस सेंटर, बुक बाईंडिंग तथा कमर्शियल उपयोग के लिए वाहन ऋण आदि के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त खुदरा व्यवसाय क्षेत्र में मेडिकल स्टोर्स, मोबाईल शॉप, सायकल स्टोर्स, खाद बीज दुकान, भवन निर्माण सामग्री व्यवसाय, किराना स्टोर्स, जनरल स्टोर्स, बुक स्टोर्स, कंगन व्यवसाय, नकली आभूषण व्यवसाय, वस्त्र व्यवसाय, रेडीमेड गारमेंटस, इलेक्ट्रॉनिक सामान, फर्नीचर आदि के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। उक्त योजना सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित की जा रही है। विभाग के जिला स्तर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र स्थापित हैं जहाँ से योजना का संचालन किया जा रहा है। पात्र आवेदक को विभागीय पोर्टल www.samast.mponline.gov.in पर आनलाईन आवेदन करना होगा।

## वैदेही वल्लभशरण रिछारिया का देवलोक गमन

**छतरपुर।** मलपुरा निवासी भागवत कथा वाचक पं. वैदेही वल्लभशरण रिछारिया गुट्टी महाराज का अस्वस्थता के चलते गुरूवार को दुखद निधन हो गया। वह 90 वर्ष?के थे। उनके निधन की खबर लगते ही मलपुरा सहित आस-पास के गांव में शोक की लहर दौड़ गई। चूंकि वैदेही वल्लभशरण रिछारिया भागवत कथा के वाचक थे और जगह-जगह उनकी कथाएं होती रहीं। इस कारण उनके अनुयायी हटा, दमोह, बड़ामलहरा, जबलपुर से अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे। मलपुरा में भारी जनसमुदाय के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्व. वैदेही वल्लभशरण रिछारिया के परिवार से पुत्रवत गौरीशंकर रिछारिया, नाती वरदान अवस्थी, पवन रिछारिया, अर्जुन अवस्थी ने मुखाग्नि दी। वह बहुत ही मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके निधन पर लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वैदेही वल्लभशरण रिछारिया के व्यक्तित्व के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि वह त्यागी, वैरागी, सन्यासी, योगी संत थे। इनके पिता जंट महाराज के नाम से जाने जाते थे और मलपुरा का यह प्रतिष्ठित रिछारिया परिवार है।

# ईराइज़ ड्राइव इलेक्ट्रिक भारत में अपने नेटवर्क का तेजी से विस्तार करेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजारों में प्रवेश की घोषणा के बाद, केएल ग्रुप की ऑटोमोटिव इकाई, ईराइज़-ड्राइव इलेक्ट्रिक ने भारत में अपने डीलर नेटवर्क के विस्तार के लिए एक आक्रामक रोडमैप पर फोकस किया है। कंपनी ने अपने ÷ईराइज़ पार्टनर÷ प्रोग्राम की घोषणा की है और भारत में 175 से ज्यादा जगहों पर 200 से ज्यादा डीलर बनाने का लक्ष्य तय किया है।

ईराइज़ भारत में सड़कों की स्थिति के अनुसार स्पष्ट रूप से लंबी दूरी के सफर के लिए बेहतरीन रेंज और शानदार परफॉर्मेंस देने वाले इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स का निर्माण करती है। कंपनी अगले कुछ दिनों में जल्दी ही अपने तीन लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करेगी। कंपनी ने अपने पायलट प्रोग्राम के तहत पहले ही 1000 से ज्यादा स्कूटरों की बिक्री की है और अब इसकी योजना अगले वित्त वर्ष के अंत तक 10 हजार से ज्यादा वाहनों की बिक्री करने की है।

ईराइज़ पार्टनर' प्रोग्राम के तहत अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए, भागीदारों को ई-राइज स्कूटरों की नए मार्केट में बिक्री को बढ़ावा देने के लिए यथासंभव बेहतरीन सहयोग प्रदान किया जाएगा। कंपनी ने नए भागीदारों को शामिल करने के लिए मजबूत प्रक्रिया भी अपनाई है, जिसमें उन्हें विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इसके अलावा, पार्टनर्स विशेष कीमतों वाले मॉडलों, बिक्री बढ़ाने के लिए सपोर्ट, बेनेफिट्स कैलकुलेटर्स और दूसरे मार्केटिंग मैटेरियल तक पहुंच का आनंद भी उठा सकेंगे। उपभोक्ताओं से जुड़ाव के पूरे सफर में सहयोग के लिए पार्टनर्स को ईराइज़ विशेषज्ञों से लाभ भी मिलेगा।

कंपनी ने पहले से ही भारत के 10 से ज्यादा शहरों में अपनी मौजूदगी दर्ज करा ली है। अब कंपनी की योजना पूरे भारत में विस्तार करने की है। ईराइज़ का लक्ष्य उभरते हुए बाजारों में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। इसके साथ न केवल मेट्रो शहरों, बल्कि देश के दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों में भी अपने लिए बेहतर ढंग से कारोबार के अवसर हासिल करना कंपनी का उद्देश्य है। कंपनी ने इस साल के अंत तक देश में बड़े पैमाने पर अपने एक्सक्लूसिव स्टोर्स खोलने की योजना बनाई है।

ईराइज़ - ड्राइव इलेक्ट्रिक के सह-संस्थापक श्री मिथिलेश जैन ने योजनाओं के बारे में अपनी बात रखते हुए कहा, ÷स्कूटरों के पायलट लॉन्च के दौरान हमने कंपनी के ई-स्कूटरों के प्रति लोगों में काफी आकर्षण देखा है। हम आने वाले दिनों में अपने प्रॉडक्ट्स लॉन्च करने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। इसके साथ-साथ कंपनी ने बिक्री को बढ़ावा देने के लिए अपने डीलर नेटवर्क के विस्तार की योजना बनाई है। हम इस क्षेत्र में डीलरों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझते हैं, और हमारे ईराइज़ पार्टनर प्रोग्राम का उद्देश्य इन्हीं चुनौतियों को हल करना है। हम अपने पार्टनर नेटवर्क को हर तरह से काबिल और सशक्त बनाना चाहते हैं, जिससे हम सभी का एक साथ विकास हो सके।÷

दिल्ली के बाहर उपनगरीय क्षेत्र में हरियाणा के रोहतक में 95 हजार वर्ग फीट में स्थित अत्याधुनिक उत्पीदन फैक्ट्री में मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया इलेक्ट्रिक स्कूटरों का निर्माण किया जाता है। मौजूदा समय में यहां 30 हजार वाहनों का हर साल उत्पादन होता है।

## 'हूवु फ्रेश' बदल रहा है फ्लोरल इंडस्ट्री का चेहरा 'शार्क टैंक इंडिया 2' में




**मुंबई, एजेंसी।** जबसे शार्क टैंक इंडिया 2 के दूसरे सीज़न की घोषणा हुई है, तब से ही दर्शक दिल थामकर इसका इंतजार कर रहे हैं। 2 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर स्ट्रीम होने जा रहे इस शो में भारत के उभरते एंटरप्रेन्योर्स को अपने आइडियाज़ को सफल और स्थायी बिज़नेस में तब्दील करने के लिए एक प्लेटफॉर्म दिया जाता है। एक बार फिर पूरा भारत, देश भर की बेहतरीन पिचेस का गवाह बनेगा। इस सीज़न की शुरुआत होगी 'हूवु फ्रेश' से, जो फूलों के पारंपरिक व्यवसाय को नए स्वरूप में ढाल रहा है।

हूवु फ्रेश एक औसत स्केल वाला फूलों का व्यवसाय है, जिसे बेंगलुरु की महिला एंटरप्रेन्योर्स यशोदा कारुतुरी और रिया कारुतुरी ने को-फाउंड किया है। उन्होंने फूलों के व्यवसाय में एक ऐसी नवीनता लाई, जो इस उद्योग को तेजी से विकसित होने में मदद कर सकती है। शार्क टैंक इंडिया के सेट पर यशोदा और रिया ने अपनी क्रांतिकारी खोज से शार्क्स को बेहद आकर्षित किया, जिससे फूलों की ताजगी 2 दिनों से बढ़ाकर 15 दिन तक बरकरार रखी जा सकती है। है ना दिलचस्प? 80 लाख रुपए के बदले में 1प्रतिशत इक्विटी की मांग के साथ यशोदा और रिया, नमिता और विनीता और पियूष और अमन के ऑफर्स के बीच विचार करती नजर आएंगी। ज्यादा जानने के लिए देखिए शार्क टैंक इंडिया 2, सोमवार से शुक्रवार रात 10 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर। जाने-माने स्टैंड अप कॉमेडियन राहुल दुआ के द्वारा होस्ट किए जाने वाले शार्क टैंक इंडिया 2 में सीज़न 1 के शार्क्स - अनुपम मित्तल (शादी डॉट कॉम - पीपल ग्रुप के फाउंडर एवं सीईओ), अमन गुप्ता (बोट के को-फाउंडर एवं सीएमओ), नमिता थापर (एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स की एग्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर), विनीता सिंह (शुगर कॉस्मेटिक्स की को-फाउंडर एवं सीईओ), पियूष बंसल (लेंसकार्ट के फाउंडर एवं सीईओ) के साथ इस सीज़न के नए शार्क अमित जैन (कार देखो ग्रुप, इंश्योरेंस देखो डॉट कॉम के सीईओ और को-फाउंडर) शामिल होंगे।

## अमेजन फ्रेस पर इस सुपर वैल्यू डे के दौरान सीज़नके बेस्टप्रोडक्ट पर

### शानदार ऑफ़र के साथ नए साल की शुरुआत करें

**मुंबई, एजेंसी।** बेहतरीन अंदाज में नए साल की शुरुआत करें और 8 जनवरी तक अमेजन फ्रेस पर इस सुपर वैल्यू डे के दौरान अपनी जरूरत के किराने के सामान की खरीद करें। इस विंटर सीजन के आनंद को और शानदार बनाने के लिएस्ट्रॉबेरी, शहतूत, गाजर, पालक,मेथी जैसी सीजन की पसंदीदा चीजों के साथ रोजमर्रा की जरूरी चीजों को अपने कार्ट में शामिल करें। कस्टमर्स अमेजन फ्रेस पर खरीदारी करके जरूरीकिराना, घरेलू सामान, पैकेज्डफूड, स्नैक्स और बेव्रिजिज, स्टेपल आदि पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। दावत, हिमालय, फॉर्च्यून, गोदरेज, और डाबर जैसे लोकप्रिय ब्रांडों के कुछ उम्दाऑफर के साथ अपनीफेवरेटविंटररेसिपीज को अपने पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंगमें शामिल करें। कस्टमर्स4 से 7 जनवरी 2023 तक न्यूनतम 2,500 रुपये केट्रांजेक्शनऔर 300 रुपये तक की छूट के साथ आईसीआईसीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर10 प्रतिशतकेइंस्टेंटडिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं।

**मौसमी फलों और सब्जियों की खरीदारी करें–** अपनीस्वाद की चाहत को इस विंटरचिलट्रीट से पूरा करें। अमेजन फ्रेस पर उपलब्ध सीज़न की सबसे फ्रेश प्रीमियमक्वालिटी की स्ट्रॉबेरीको सिर्फ 76 रुपये में खरीदें। सर्दी का मौसम गाजर का मौसम है! ताजी,लाल, कुरकुरी और रसदार गाजर से बने गाजर काहलवा,स्वादिष्टव्यंजनों और सलाद का आनंद लें। ये गाजर अमेजन फ्रेस परसिर्फ 30 रुपये में उपलब्ध है।

**अपनी सुविधानुसार जरूरी किराने और घरेलू सामान की खरीदारी करें–** भारत के बेहतरीन गेहूं के खेतों से हाथ से चुना गया, फॉर्च्यून चक्की ताजा आटा के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला गेहूं का हरगोल्डनएंबरदाना एक पारंपरिक चक्की प्रक्रिया से गुजरता है जो इसके गुणों और प्राकृतिक स्वाद को बनाएरखता है और आपको पोषण लाभ भी देता है। ताकि आपकी रोटियां लंबे समय तक नरम और फूली रहें। इसे अमेजन.इन पर 221 रुपये में खरीदें। सिर्फ एक्सेल मैटिक फ्रंट लोड विशेष रूप से फ्रंटलोड वाशिंग मशीन के हाईलेवलवॉटरइन्वायरमेंट( 20 लीटर) में काम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका लो सूडफ़ॉर्मूला सुनिश्चित करता है कि यह सही मात्रा में झाग पैदा करे जो आपकी मशीन को अधिक झाग से सुरक्षा देताहै।इसे अमेजन.इन पर 530रुपये में खरीदें।

## 12 करोड़ किसानों को नए साल पर मिलेगा तोहफा, पीएम मोदी ने किया बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के करोड़ों किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है. 12 करोड़ किसानों को नए साल पर पीएम मोदी बड़ा तोहफा देंगे. पीएम किसान सम्मान निधि की 13वीं किस्त का इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है. इस बीच पीएम मोदी ने तारीख का ऐलान करते हुए कहा है कि जनवरी महीने में ही करोड़ों लोगों के खाते में 2000 रुपये की 13वीं किस्त ट्रांसफर कर दी जाएगी.

**पीएम मोदी ने तारीख का किया ऐलान–** पीएम मोदी ने जानकारी देते हुए बताया है कि 26 जनवरी तक किसानों के खाते में यह पैसा ट्रांसफर किया जा सकता है फिलहाल अभी तारीख निश्चित नहीं है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि जनवरी महीने में ही किसानों को इस पैसे का फायदा मिल जाएगा. वहीं, अब तक सरकार 12 किस्तों का पैसा ट्रांसफर कर चुकी है.

**12 करोड़ से ज्यादा किसान ले रहे फायदा–** आपको बता दें 12 किस्तों का फायदा अब तक करीब 8.42 करोड़ से भी ज्यादा किसानों को मिला है. देशभर में इस सम 12 करोड़ से भी ज्यादा किसान इस सरकारी स्कीम का फायदा ले रहे हैं.

**पिछले साल 1 जनवरी को ट्रांसफर किया था पैसा–** पिछले पैटर्न को देखें तो 1 जनवरी 2022 को पीएम मोदी ने दोपहर में 12:30 बजे किसानों के खाते में पैसा ट्रांसफर किया था. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पिछले साल पीएम मोदी ने पैसा ट्रांसफर किया था. इसके तहत करीब 10 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की गई थी.

**किसानों की बढ़ गई आमदनी–** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत सरकार किसानों को सालाना 6000 रुपये की आर्थिक सहायता देती है. किसानों की आमदनी को बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से यह योजना शुरू की गई है।

## तीनों बच्चों के लिए मुकेश अंबानी का बड़ा ऐलान, निवेशकों की हो जाएगी बल्ले-बल्ले




**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने तीनों बच्चों के लिए टारगेट सेट किए हैं. तीनों बच्चों को वह टेलीकॉम, रिटेल और न्यू एनर्जी कारोबार की जिम्मेदारी देने वाले हैं. धीरूभाई अंबानी की जयंती पर मनाए जाने वाले रिलायंस फैमेली डे के मौके पर मुकेश अंबानी ने कहा कि तेल से लेकर टेलीकॉम और रिटेल तक का कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड सेल्फ ट्रांसफोर्मेशन यात्रा पर चल पड़ी है.

अंबानी ने अपने संबोधन में कहा कि साल 2022 के अंत में रिलायंस अपने स्वर्णिम दशक की आधी दूरी तय कर चुकी होगी. अब से 5 साल बाद, रिलायंस की स्थापना को 50 साल पूरे हो जाएंगे. इस दौरान उन्होंने कहा हमारे सभी बिजनेस के टीम लीडर और कर्मचारियों से मेरी जो उम्मीदें हैं, उनका मैं यहां जिक्र कर रहा हूं.

**5जी सर्विस 2023 में पूरी तरह शुरू हो जाएगी–** मुकेश अंबानी के बड़े बेटे आकाश टेलीकॉम इंडस्ट्री की कमान संभालेंगे, बेटी ईशा रिटेल बिजिनेस संभाल रही हैं. छोटे बेटे अनंत न्यू एनर्जी बिजिनसे की जिम्मेदारी संभालेंगे. अंबानी ने कहा, आकाश की लीडरशिप में जियो देश में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ 5जी नेटवर्क शुरू कर रहा है और जिस रफ्तार से इस सर्विस की शुरुआत की जा रही है वह दुनियाभर में सबसे तेज है. उन्होंने यह भी बताया कि जियो 5जी सर्विस 2023 में पूरी तरह से शुरू हो जाएगी.

**ईशा के नेतृत्व में रिटेल बिजनेस तेजी से बढ़ा –** मुकेश अंबानी ने कहा कि ईशा के नेतृत्व में रिटेल बिजिनेस की बहुत तेजी से बढ़ा है. उन्होंने कहा, हमारा खुदरा व्यवसाय, सभी श्रेणी के उत्पादों में, भारत में बहुत ही व्यापक और गहरी पहुंच वाले कारोबार में रूप में उभरा है. न्यू एनर्जी के बारे में अंबानी ने कहा, रिलायंस का सबसे नया स्टार्टअप कारोबार है न्यू एनर्जी में न केवल कंपनी या देश बल्कि पूरी दुनिया को बदलने की ताकत है. उन्होंने कहा, अनंत आगामी एवं अगली पीढ़ी के व्यवसाय से जुड़ रहे हैं और इसके साथ ही हमने जामनगर में अपने गीगा कारखानों को तैयार करने की प्रक्रिया तेज कर दी है. उन्होंने कहा कि भारत का सबसे बड़ा और मूल्यवान कॉरपोरेट समूह रिलायंस भारत का सबसे 'हरित' कॉरपोरेट समूह भी बनने जा रहा है. मुकेश अंबानी ने कहा, हमारी नवीन ऊर्जा टीम के लक्ष्य बिलकुल स्पष्ट हैं. भारत की निर्भरता आयात पर कम करके ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सुरक्षा हासिल करना है. याद रहे, ऐसा आप मुस्तैद और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आगे रहते हुए ही कर सकते हैं.

## गौतम अडानी खर्च करेंगे 1 लाख करोड़, इस राज्य के लिए कंपनी ने बनाया तगड़ा प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी समूह अगले 7 साल में एक लाख करोड़ रुपये निवेश करने वाली है. आपको बता दें कि समूह का यह निवेश किसी विशेष राज्य के लिए है. यह निवेश कर्नाटक में किया जाएगा. अडानी पोर्ट्स एंड सेज लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) करण गौतम अडानी ने यह जानकारी दी. दिग्गज बिजनेस मैन के इस कदम के बाद कर्णाटक के लोगों को बड़ा फायदा होगा. सबसे बड़ी बात लोगों के लिए रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेगी.



**करण गौतम अडानी ने दी जानकारी –** करण गौतम अडानी ने कहा, 'कर्नाटक में हम जिन क्षेत्रों में निवेश करेंगे और जिन क्षेत्रों में विस्तार करेंगे, उन्हें मिलाकर अगले सात वर्ष के दौरान लगभग एक लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा. विश्व की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा कंपनी होने के नाते अडानी समूह राज्य में रिन्यूएबल एनर्जी में अधिक निवेश करेगा.

करण अडानी ने जानकारी दी है कि समूह कर्नाटक में सीमेंट, ऊर्जा, पाइप गैस, खाद्य तेल, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल जैसे कई क्षेत्रों में सक्रिय है और अबतक 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर चुका है. दरअसल, पिछले कुछ दिनों में गौतम अडानी ने अपने काम को राकेट की स्पीड से भगाया है. इतना ही नहीं मुंबई का धारावी भी अब गौतम अडानी के पास है, यानी जल्दी ही ये सबसे बड़ा स्लम एरिया नए कलेवर में नजर आएगा.

**सीमेंट कारोबार पर अडानी का फोकस–** गौरतलब है कि गौतम अडानी अंतिम कुछ समय में भारत ही नहीं, दुनिया के दिग्गज बिजनेस मैन के रूप में सामने आए हैं. इस समय कर्नाटक में अडानी समूह के चार सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट हैं जिनकी कुल क्षमता 70 लाख टन से अधिक है. करण अडानी ने बताया कि समूह इस क्षेत्र में भी अपनी मौजूदगी का विस्तार करेगा।

## टाटा ग्रुप के इस शेयर का कमाल, 1 लाख को बना दिया 2.2 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार के जानकार यही सलाह देते हैं कि स्टॉक मार्केट से पैसा कमाने के लिए लॉन्ग टर्म में निवेश करना जरूरी है. हालांकि कुछ लोग इंट्रा डे में भी पैसा कमा लेते हैं लेकिन यह दिखाई नहीं देता. ऐसे एक नहीं कई उदाहरण हैं जिन्होंने स्टॉक को लंबे समय तक होल्ड किया, उनके पैसे पर अच्छा रिटर्न मिला है. किसी भी निवेशक को लंबे समय तक निवेश को होल्ड करके रखने पर बोनस शेयर, बॉय बैक, स्टॉक स्प्लिट आदि का भी फायदा मिलता है.

**टीसीएस के शेयर का कमाल–** टाटा ग्रुप की नामी कंपनी टीसीएस का ही उदाहरण लें तो पिछले कुछ सालों में इस शेयर ने निवेशकों को मालामाल कर दिया है. कंपनी की तरफ से बोनस शेयर दिए जाने से निवेशकों को अच्छा फायदा हुआ है. टाटा ग्रुप ने इस शेयर में पिछले 18 साल में तीन बार 1꞉1 से बोनस शेयर की घोषणा की है. 18 साल पहले इस स्टॉक पर पैसे लगाने वाले निवेशक के 2.2 करोड़ हो गया होता.



**4,045 रुपये का हाई–** सबसे पहले टीसीएस ने 2006 में निवेशकों के लिए 1꞉1 बोनस शेयर की घोषणा की. इसके बाद 2009 और फिर 2018 में भी बोनस शेयर की घोषणा की गई. शेयर की कीमत फिलहाल 3253 रुपये के करीब है. इस शेयर ने 120 रुपये से 3253 रुपये तक का सफर तय किया है. 52 हफ्ते के हाई की बात करें तो इसका हाई 4,045.50 रुपये है.

## नए साल से पहले फिर महंगा हुआ सोना, 10 ग्राम गोल्ड के लिए अब इतना देना होगा पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दिनों 70,000 के लेवल के करीब पहुंचने वाली चांदी में गिरावट देखी जा रही है. गुरुवार को लगातार दूसरे दिन चांदी का रेट नीचे आया है. दिवाली पर हुई रिकॉर्ड बिक्री के बाद सोने और चांदी के दामों में तेजी देखी जा रही है. यही कारण है कि पिछले दो महीने में ही दोनों कीमती धातुओं में रिकॉर्ड तेजी आई है. कोविड के मामलों में तेजी आने के बाद कीमत में आने वाले समय में और इजाफा होने की संभावना जताई जा रही है. दरअसल, कोविड की पहली लहर में भी लोगों ने सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने में इनवेस्ट किया था.

मल्टी- कमोडिटी एक्सचेंज पर गुरुवार को सोने और कीमत दोनों में ही गिरावट देखी गई. हालांकि सर्राफा बाजार में सोना महंगा हुआ और चांदी में गिरावट देखी गई. मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज पर गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे सोना 41 रुपये की गिरावट के साथ 54720 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 113 रुपये गिरकर 68900 रुपये प्रति किलो पर आ गई. इससे पहले सेशन में चांदी 69013 रुपये प्रति किलो और सोना 54761 रुपये प्रति किलो पर बंद हुआ था. अगस्त 2020 में सोने ने 56,200 रुपये का रिकॉर्ड बनाया था.



**सर्राफा बाजार में आई तेजी–** सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने में तेजी और चांदी में गिरावट देखी गई. इंडिया बुलियंस एसोसिएशन की तरफ से जारी कीमत के अनुसार 24 कैरेट गोल्ड 78 रुपये चढ़कर 54649 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. चांदी के भाव में गिरावट देखी गई और यह लुढ़ककर 67660 रुपये प्रति किलो पर आ गई. इससे पहले दिन चांदी 67848 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी. गुरुवार को 23 कैरेट वाले सोने का रेट 54430 रुपये प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट 50059 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट 40987 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया.

नवंबर और दिसंबर में ही सोने की कीमत में करीब 5000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी में 10 हजार रुपये प्रति किलो तक की तेजी आई है. जानकार आने वाले समय में दोनों की कीमत में और तेजी आने की संभावना जता रहे हैं. नए साल में भी कीमत में और तेजी आ सकती है.

## आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा- बजट में सख्त कदम उठाने से बचें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले साल पेश होने वाले बजट में ज्यादा पारदर्शिता की जरूरत है। वर्तमान और भविष्य में किसी भी नई योजना के लिए जो भी वित्त की जरूरतें हों, उनका जरिया स्पष्ट रूप से पता होना चाहिए।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि सरकार राजस्व के एक बड़े हिस्से को कर्ज पर ज्यादा ब्याज के रूप में भुगतान कर रही है। सरकार को केवल उत्पादकता वाले क्षेत्रों के लिए उधारी लेनी चाहिए, जो ज्यादा कर और अन्य राजस्व को जुटा सके। गोयल ने बताया कि पिछले 10 महीने यूक्रेन युद्ध वाले रहे हैं। इसने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा और खाद्य कीमतों को बढ़ाया है। इसके लिए भारत विशेष रूप से संवेदनशील है।

### राजकोषीय घाटा जीडीपी के अनुपात में 4.5 फीसदी हो

गोयल ने कहा, 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.5 प्रतिशत पर रखने की कोशिश होनी चाहिए। उम्मीद है कि सब्सिडी कम हो सकती है क्योंकि खाद्य व ऊर्जा की कीमतें कम हो रही हैं। गोयल ने कहा, 2000 के दशक में की गई गलती से बचा जाना चाहिए। उस समय कर राजस्व से ज्यादा खर्च हुआ था। मौजूदा आर्थिक नीति अच्छी है।

## चीनी उद्योग से जुड़ी इस कंपनी के शेयर ने किया मालामाल, दो साल में दिया 200 प्रतिशत रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड चीनी और इससे जुड़े उत्पादों के उत्पादन के कारोबार में लगी हुई है। कंपनी की इथेनॉल और औद्योगिक अल्कोहल उत्पादन में मजबूत उपस्थिति है। कंपनी की प्रोडक्ट रेंज में चीनी, सफेद क्रिस्टल चीनी, इथेनॉल, कैप्टिव पावर और गुड़ शामिल हैं। कंपनी की उत्तर प्रदेश में तीन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं और यह भारत में चीनी क्षेत्र की एक जानी-मानी कंपनी है।

गुरुवार को द्वारिकेश शुगर का शेयर 104.30 रुपए पर ट्रेड करता दिखा। इस तरह इसने पिछले दो वर्षों में 200 फीसदी रिटर्न दिया है। यह स्टॉक 30 दिसंबर, 2020 को 31.10 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इस तरह दो साल की होल्डिंग अवधि में इस शेयर ने शानदार रिटर्न दिया है। जबकि एसएंडपी बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स ने पिछले दो वर्षों में 55 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है।

## कॉल करने व अन्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारें दूरसंचार कंपनियां



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूरसंचार सचिव के राजारमन ने टेलीकॉम कंपनियों को कॉलिंग व अन्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार का निर्देश दिया है।कॉल ड्रॉप यानी कॉल बीच में कटने के बढ़ते मामले व अन्य सेवाओं को लेकर मिल रहीं शिकायतों को देखते हुएदूरसंचार विभाग ने बुधवार को प्रमुख दूरसंचार कंपनियों के साथबैठक की। यह बैठक ऐसे समय हुई, जब देशभर में 5जी नेटवर्क शुरू हो गया है। अब तक 50 शहरों में 5जी सेवा मिल रही है।सूत्रों के मुताबिक, दो घंटे तक चली बैठक में कंपनियों से समस्या वाले क्षेत्रों की पहचान करने को कहा गया।कंपनियों ने सेवाओं की गुणवत्ता के मौजूदा स्तर व मानकों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी दिया।

**वैष्णव ने दिए थे सख्ती के संकेत–** सितंबर में दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव संकेत दिए थे कि दूरसंचार सेवा के गुणवत्ता मानकों को और सख्त बनाया जा सकता है। उन्होंने साफ किया था कि उद्योग को दूरसंचार सेवा गुणवत्ता में जरूरी सुधार करने होंगे और सरकार ने भी क्षेत्र में बड़े सुधार शुरू किए हैं।

## जीएसटीः गैर-पंजीकृत लोग रद्द अनुबंधों के लिए कर सकेंगे रिफंड का दावा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** गैर-पंजीकृत लोग जीएसटी पोर्टल पर अस्थायी पंजीकरण प्राप्त कर रद्द अनुबंधों या बीमा पॉलिसियों की समयपूर्व समाप्ति के लिए माल और सेवा कर रिफंड का दावा कर सकते हैं। ऐसे लोगों के लिए जीएसटी पोर्टल पर एक नई व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा, ऐसे करदाता संबंधित तिथि के दो साल के भीतर रिफंड के लिए आवेदन कर सकते हैं। उधर, सीबीआईसी ने कर अधिकारियों से 2017-18 और 2018-19 के जीएसटी ऑडिट के दौरान सामने आए इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) दावों में अंतर के समाधान के लिए बिलों के ब्योरे का सत्यापन करने को कहा है।

## प्राइवेट अस्पताल में पाई गई खामियां

**छिंदवाड़ा ।** सुशीला जैन मेमोरियल हॉस्पिटल एवं श्री कृष्णा हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया जिसमे हॉस्पिटल में लगे फायर उपकरणों में पाई गई त्रुटियों जिसमें एबीसी टाइप सिलेंडर नही पाए गए, इक्यूबमेंट चालू अवस्था में नही पाए गए साथ ही पानी की टंकी ऊपर करने एवम उपकरणों को सुधार किए जाने हेतु निर्देशित किया गया । उक्त स्थल पर विवेक चौहान सहायक यंत्री नगर पालिका छिंदवाड़ा आनंद अग्रवाल सी ओ अ उपस्थित थे।

## उमरानाला की दीपाली का वॉलीबॉल में प्रदेश टीम में चयन, जायेगी दिल्ली

**छिन्दवाड़ा ।** 43वी सब जूनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप जो कि ग्वालियर में आयोजित हुई थी,जिसमे छिंदवाड़ा



जोन की टीम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन की थी,वॉलीबाल संघ छिंदवाड़ा के सचिव एवं मध्यप्रदेश सिलेक्शन कमेटी संयोजक डॉ.सुशील पटवा ने बताया कि उमरानाला की दीपाली/रविशंकर यादव का चयन सब जूनियर ओपन राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ जो, कि 3 जनवरी से 6 जनवरी 2023 को दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगी,जो कि छिंदवाड़ा जिले से मध्यप्रदेश टीम का नेतृत्व करेगी,इससे पहले वह मुरैना (पोरसा) में लगने वाले कैंप में ट्रेनिंग लेगी. उमरानाला कोच एवं प्रशिक्षक राहुल उरकुड़े ने बताया की दीपाली एक मजदूर की बेटी हैं, एवं बहुत गरीब परिवार से है, इसके बावजूद अपनी पूरी मेहनत के और लगन के साथ सुबहङ्कशाम शासकीय महाविद्यालय उमरानाला में अभ्यास करती है, और यह खिलाड़ी शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय उमरानाला की 10वी की अध्ययनरत छात्रा है.दीपाली खेल के साथङ्कसाथ पढ़ाई में भी अव्वल है, दीपाली ने इतनी बड़ी उपलब्धि पाकर अपने माताङ्कपिता, ग्राम का एवं पूरे जिले का का नाम रोशन किया। इस चयन पर ग्राम सरपंच श्रीमती संध्या/शैलेंद्र धारे,शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय उमरानाला,प्राचार्य राजीव साठे, संजीव आनदेव अजय सिंह ठाकुर, शक्ति नायडू,रमेश महोबिया, दिलीप वर्मा,मोनिका परिहार एवं पुष्पक धारे ने बहुत सारी शुभकामनाएं दी।

## उधारी के पैसे के लेनदेन पर मारपीट, जान से मारने दी धमकी

**अमरवाड़ा ।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत सिंगोली चौकी के ग्राम बालकाछार प्रकाश बंदे वार को धवाई धाना निवासी सतीश उइके से उधारी में दिए हुए पैसे वापस लेना था प्रकाश ने सतीश से पैसे मांगे पैसे के लेनदेन पर से सतीश ने प्रकाश को गंदी गंदी गाली दिया और मारपीट कर कहा कि यदि द्वारा पैसे की बात करा वापस मांगा तो जान से खत्म कर दूंगा प्रकाश की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पत्थर मारा महिला को, लगा बछड़े को जिससे बछड़ा की हुई मौत

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम पिपरिया राजगुरु निवासी रामसखी पति सुमेर चंद वर्मा उम्र 55 वर्ष की ग्राम केही, साहेस पिता राधे वर्मा जोकि महिला से पुरानी रंजिश को चलते हुए किसी बात को लेकर पहले तो सहेस ने रामसखी को गंदी गंदी गाली दिया ,और जान से मारने की धमकी देकर पत्थर उठाकर फेंक के मारा,रामसखी ने अपना बचाव कर लिया ,लेकिन आरोपी द्वारा मारा गया वह पत्थर गाय का बछड़ा कोजाकर लगा जिससे बछड़े की मौत हो गई थानेदार आर पी चौधरी ने धारा 294, 506, 336 और 429 में आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया ।

## आपूर्ति सिस्टम में सुधार एवं मरम्मत का कार्य जारी



**छिंदवाड़ा ।** माचागोरा से जलापूर्ति सतत सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से आवश्यकतानुसार आपूर्ति सिस्टम में सुधार एवं मरम्मत का कार्य निरंतर किया जा रहा है,इस संबंध में नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने स्पष्ट आदेश जलापूर्ति विभाग को दिए हैं कि पानी सप्लाई निर्बाध जारी रहना चाहिए.इसी सिलसिले में ग्राम अजनिया में रॉ वाटर सम्प वेल क्लीनिंग एवं मेंटेनेंस का काम चल रहा है वहीं ग्राम जम्बोडी-पंडा से अजनिया तक की रॉ वाटर मेन पाइप लाइन में लीकेज सुधार का काम भी लगातार किया जा रहा है जिसके विगत दिवस देर रात तक चलने की संभावना थी। उपरोक्त लीकेज के कारण खेतों में पानी भरने और फसलों के खराब होने की शिकायतें किसानों से प्राप्त हो रहीं थीं.निगम आयुक्त ने त्वरित लीकेज सुधार के आदेश निगम अमले को दिए थे.कार्य की प्रगति के संबंध में सहायक यंत्री विवेक चौहान ने कहा कि जल्द ही कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

## 4500 कर्मचारियो की होगी भर्ती

### 2022 के लिये ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**छिन्दवाड़ा ।** भारत सरकार के कर्मचारी चयन आयोग (म.प्र.क्षेत्र) रायपुर द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आगामी फरवरी-मार्च 2023 में संयुक्त हायर सेकण्डरी स्तरीय परीक्षा 2022 का आयोजन किया गया है। इस परीक्षा के माध्यम से भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों और कार्यालयों के लिये निम्न श्रेणी लिपिक, कनिष्ठ सचिवालय सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर के लगभग 4500 पदों पर भर्ती की जायेगी । इस परीक्षा के लिये 6 दिसंबर से ऑनलाईन आवेदन भरने का कार्य जारी है तथा आगामी 4 जनवरी तक ऑनलाईन आवेदन भरे जा सकते हैं । जिले के इच्छुक आवेदक इस परीक्षा के लिये निर्धारित तिथि तक अपने आवेदन वेबसाईट https://ssc.nic.in पर ऑनलाईन भरने के साथ ही परीक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा इस संबंध में सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों के साथ ही जिले के राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों, आयुक्त नगरपालिक निगम, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, तहसीलदारों, शासकीय स्नातक/स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के प्राचार्यों, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं.कर्मचारी चयन आयोग (म.प्र.क्षेत्र) रायपुर के क्षेत्री निर्देशक श्री पारिजात दीवान ने बताया कि संयुक्त हायर सेकण्डरी स्तरीय परीक्षा 2022 के आवेदन भरने के लिये आवेदक की आयु एक जनवरी 2022 को 18 से 27 वर्ष होना चाहिये ।

# छिन्दवाड़ा के हर एक नागरिक के स्वाभिमान के लिये स्वाभिमान यात्राः विवेक साहू

**छिंदवाड़ा ।** भारतीय जनता पार्टी जिला छिंदवाड़ा एवं जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहु के आव्हान पर परासिया विधानसभा की बड़कुही से परासिया छिंदवाड़ा स्वाभिमान यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे, इस यात्रा में कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह और जोश देखा गया, 7 किलोमीटर की इस पद यात्रा में आकाशभेदी नारो और उत्साह ने क्षेत्र वासियो को आकर्षित किया जगह जगह लोगो ने फूल बरसा कर स्वागत किये, कार्यक्रम का समापन गुरु गोबिंद सिंह चौक में हुआ जहाँ कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू सहित, पंडित रमेश दुबे, नाना भाऊ माहोड, नत्थन शाह कवरेती, शेषराव यादव, विनोद मालवीय,परमजीत सिंह विज, टीकाराम चंद्रवंशी, अनुज पाटकर ने संबोधित किया, पंडित रमेश दुबे ने कार्यकर्ताओं को विजय का संकल्प दिलवाया। विवेक बंटी साहू कहा की कमलनाथ एवं कांग्रेस ने छिन्दवाड़ा को पॉलीटिकल फ़ैक्ट्री के रूप में उपयोग करते हुए छिन्दवाड़ा के आदिवासी जनता का हक़ मारते हुए अरबों रूपयों की सम्पत्ति एकत्र की। कमलनाथ ने अपनी सरकार गिरने के पहले सिंचाई परियोजनाओं में बिना काम किए ठेकेदार को 2 हजार करोड़ रूपये का एडवांस भुगतान कर भ्रष्टाचार किया ।भाजपा कार्यकर्ताओं का भारी समर्थन मिला, समापन पर वक्ताओं ने इस यात्रा के माध्यम से कार्यकर्ताओ में जोश भरा और आने वाले समय मे होने चुनावो में जिले भर को कांग्रेस मुक्त करने का संकल्प लिया, वर्तमान में जिले भर के प्रत्येक मंडलो में भाजपा बूथ के कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण के माध्यम से चुनाव के लिए तैयार कर रही है, भाजपा की पूरी टीम ने आने वाले चुनावों को लेकर अपनी कमर कस ली है और इस तरह की यात्रा से कार्यकर्ताओ के मिल रहे समर्थन से उनमे जोश भरा जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नाना भाऊ मोहोड़, टीकाराम चंद्रवंशी, कांता ठाकुर ,परमजीत विज, विजय पांडे, प्रियवर सिंह ठाकुर, राहुल मोहोड़, कमलेष उईके, योगेश साहू, मनोज नेमा, अरूण चंदेल, अलकेश लाम्बा, अन्य नेता उपस्थित थे।



### भाजपा की अधिकृत यात्रा नहीं थी: ताराचंद बावरिया



जिला भाजपा अध्यक्ष की स्वाभिमान यात्रा से पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया उपस्थित नहीं थे। एक दिन पहले उन्होने कहा कि यह जिलाध्यक्ष की व्यक्तिगत यात्रा हो सकती है। भाजपा द्वारा यह अधिकृत यात्रा नहीं हैं इसीलिए वे इस यात्रा में शामिल नही हुए।

### भाजपा में गुटबाजी, कांग्रेस की तैयारी प्रारंभ

जैसे जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं वैसे वैसे भाजपा में गुटबाजी बढ़ रही है। एक ओर जहां कमलनाथ एवं नकुलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस एक होकर चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी है। वहीं भाजपा के मतभेद खुलकर सामने आते जा रहे हैं भाजपा के मतभेद का परिणाम जिला भाजपा व नगर निगम का हाथ से निकलना है अभी छिंदवाड़ा में गुटबाजी दिख रही थी। अब परासिया में भी खुलकर गुटबाजी दिखाई दे रही है भाजपा के वरिष्ठ नेता का कहना है कि संगठन के लोग आते हैं उन्हें स्थिति से अवगत भी कराया जाता है किन्तु वे कुछ नहीं कर पाते हैं भाजपा की गुटबाजी नहीं रूकी तो कांग्रेस की झोली में सातों सीट जावेगी। क्योंकि कमलनाथ को मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़ा जावेगा।

# टूरिस्ट बस पलटी, 7 लोग घायल

### दोपहिया वाहन को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा



**छिंदवाड़ा ।** पचमढ़ी से छिंदवाड़ा आ रही टूरिस्ट बस के पलट जाने से इसमें सवार 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए अन्य लोगों चोटें आई है। घटना देहात थाना के अंतर्गत रिंग रोड के गुरैया के पास की है। बस के ड्राईवर द्वारा दोपहिया को बचाने का प्रयास किया जा रहा था जिसके चलते बस अनियंत्रित होकर पलट गई बस में सवार 6 लोग बुरी तरह घायल हो गए बाकी लोगों को चोटें आई है। जिन्हें इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस को सूचना मिलने के बाद घायलों को 100 डायल वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में स्वेदल पति चेतन पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी गैरइ बीड़, उषा पित प्रवीण पटेल उम्र 15 वर्ष निवासी घुनिया, रूपेश लखनसिंह पटेल उम्र 39 वर्ष निवासी विजयवाड़ा आंध्रप्रदेश, सुनील पिता गेंदू मरावी उम्र 50 वर्ष निवासी चंदनगांव ढाना, बब्बू पिता माधव उईके उम्र 45वर्ष निवासी चंदनगांव ढाना शामिल है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी ने की आत्महत्या

महिला बाल विकास विभाग ग्रामीण परियोजना छिंदवाड़ा के परियोजना अधिकारी मनोज वानखेड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मनोज हाउसिंग वार्ड कालोनी चंदनगांव के मकान में किराये से रहते थे। मकान के समीप निर्माणाधीन मकान में उन्होने बुधवार की देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली उनकी आत्महत्या से विभाग के अधिकारी कर्मचारी हतप्रभ हैं। कोतवाली पुलिस घटना की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार 50 वर्षीय श्री वानखेड़े ने किप्टो करेंसी कंपनी में पैसा लगाया था जिससे उनको नुकसान हुआ था। जिसकी बजह से उन्होने आत्महत्या की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचयकर मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया और परिवारजनों के ब्यान दर्ज किए हैं श्री वानखेड़े बालाघाट के निवासी थे। और पिछले तीन वर्षो से महिला बाल विकास ग्रामीण परियोजना कार्यालय छिंदवाड़ा में तीन वर्ष से परियोजना अधिकारी थे।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे ने घर से भागे 33 बच्चों को पकड़कर घर पहुंचाया

### रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्यि रेलवे नागपुर मंडल द्वारा किये गये सराहनीय कार्य

**छिंदवाड़ा ।** पंकज चुघ वरि. मंडल सुरक्षा आयुक्त/ रे.सु.ब. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर के मार्गदर्शन में वर्ष 2022 में रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल की उपलब्धियां:- रेसुब नागपुर मंडल द्वारा रेल संपत्ती की चोरी करने वाले 63 मामले दर्ज किये गये जिसमें 172 आरोपीयों को पकडा गया एवं आरोपीयों के कब्जे से कुल- 7,80,333/- रु चोरी संपत्ती बरामद की गई । रेल अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कार्यवाही करते हुए 8026 व्यक्तीयों पर मामला पंजीबद्ध कर माननीय रेलवे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया । घर से भागे/ बिछडे किये हुए कुल 33 बच्चों को चलती ट्रैन/ रेल स्टेशन एवं स्टेशन परीसर से रेस्क्यू कर उन्हें चाईल्ड लाईन/सीडब्युसी एवं शासकीय रेल पुलिस स्थानीय पुलिस को सुपूर्द किया गया। रेसुब नागपुर मंडल द्वारा कुल 10 मामलों में 06 आरोपीयों को रेल गाडीयों/स्टेशन में गांजा तस्करी करते हुए पकडा गया कुल 1,66,305 किलोग्राम गांजा जप्त (रू- 16,17,340/- लगभग ) कर अग्रिम कार्यवाही हेतु शासकीय रेल पुलिस/स्थानीय पुलिस को सुपूर्द किया गया । रेल स्टेशन / स्टेशन परिसर /रेल गाडी में छुटे हुए कुल 147 मामलों से अनुमानित किमत- 23,00,250/- रूपये सामानों को त्वरीत कार्यावाही करते हुए बरामद कर यात्रीयों को सुपूर्द किया गया। वर्ष 2022 में 02 मामलों (रूपये 29,630/- में अनाधिकृत रूप से शराब तस्करी करने वालो के कब्जे से अवैध शराब जप्त कर 02 आरोपीयों को पकडकर उचित कार्यावाही हेतु शारेपु को सुपूर्द किया गया । वर्ष 2022 में चलती गाडी में चढते / उतरते समय गिरने वाले 05 महीला एवं 05 पुरूष की यात्रियों की रेलवे सुरक्षा बल द्वारा जान बचाई गई । वर्ष 2022 में यात्री सामानों की चोरी के कुल 19 मामले डिटेक्ट कर कुल-24 आरोपीयों को पकडा गया तथा लुट के 03 मामलों में 07 आरोपीयों को पकडकर उचित कार्यावाही हेतु शारेपु/स्थानीय पुलिस को सुपूर्द किया गया । आरोपीयों के कब्जे से कुल- 3,03,428-/- रूपये संपत्ती बरामद की गई ।

## महिला कांग्रेस में हुई नियुक्तियां, सांसद ने भेंट किये नियुक्ति पत्र

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद



नकुलनाथ के निर्देशानुसार महिला कांग्रेस में नियुक्तियां की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सांसद नकुलनाथ के हस्ते नियुक्ति पत्र भेंट किये गये। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे से चर्चा के उपरांत जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी ने महिला कांग्रेस में नवनियुक्तियां की है। गत दिवस सांसद श्री नकुलनाथ के छिन्दवाड़ा प्रवास के दौरान समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके हाथों नियुक्त पत्र भेंट किये गये। महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार नवनियुक्त पदाधिकारी में अन्नू अरोरा एवं अरुणा तिलंते कार्यकारी अध्यक्ष, ज्योति राय महिला कांग्रेस आईटी सेल जिलाध्यक्ष, कहकशां मिर्जा छिन्दवाड़ा ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष, सुनीता जायसवाल छिन्दी ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष, स्नेहा साहू मोहखेड़ ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं मनीषा पाल प्रवक्ता मनोनीत की गई। समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर श्री कमलनाथ व नकुलनाथ जी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। नवनियुक्ति महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की है।

## मुख्यमंत्री के सपनों को पलीता लगा रहा विभाग

### नहीं चलती पंजीयन एवं स्टांप विभाग की वेबसाइट, दिन में सर्वर डाउन

**छिन्दवाड़ा ।** एक तरफ मुख्यमंत्री जहां युवाओं को बढ़ावा देने के लिए ईजी डूइंग बिजनेस के तहत नए नए उद्योगों व स्टार्टअप को खोलने के लिए प्रक्रिया आसान कर रहे हैं वही उनकी सपनों पर पंजीयन एवं स्टांप विभाग पानी फेरते नजर आ रहा हैं । विभाग की रजिस्ट्री करने की वेबसाइट का सर्वर आए दिन परेशान कर रहा है, सर्वर कभी भी चला जाता है स्टांप वेंडरों व रजिस्ट्रारों को रजिस्ट्री करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं सर्वर की वजह से ऑटोमेटिक रजिस्ट्री गलत हो रही है जिससे रिफंड लेने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है रिफंड की प्रोसेस मैं भी 6 महीने का समय लगता है जिससे स्टांप वेंडर का पैसा फंस रहा है, इसका जवाब स्थानीय अधिकारियों के पास भी इसलिए नहीं है क्योंकि यहां ऑनलाइन होने के कारण सब भोपाल से संचालित है। जीएसटी कलेक्शन के बाद सरकार की आय का सबसे बड़ा स्त्रोत पंजीयन एवं स्टांप विभाग है शासन को चाहिए कि इनका सर्वर मजबूत करें जिससे आसानी से स्टांप वेंडर काम कर सकें आए दिन कभी भी सर्वर काम करते समय बीच में चले जाने से स्टांप फस रहे हैं, स्टांप वेंडर को रजिस्ट्री रात रात भर जग कर करनी पड़ रही है ऐसे में कैसे इज डूइंग बिजनेस का सपना मुख्यमंत्री का साकार होगा, विभाग मुख्यमंत्री के सपनों को पलीता लगा रहा है।




### 5 साल का मिलेगा लाइसेंस पर अभी तक कोई निर्देश नहीं

इजी डूइंग बिजनेस के तहत मुख्यमंत्री द्वारा विगत दिनों घोषणा की गई थी कि स्टांप वेंडरों को स्टांप व रजिस्ट्री के लिए एक साथ 5 साल की अवधि के लिए लाइसेंस दिया जावेगा पर इसके लिए विभाग द्वारा कोई निर्देश नहीं दिए गए हैं वहीं विभाग द्वारा हर साल लाइसेंस का रिनुअल कराया जाता है जिससे बार-बार वही प्रोसेस स्टांप वेंडर को करनी पड़ती है जबकि स्टांप वेंडरों द्वारा ही सरकार को अरबों की आय अर्जित करके दी जा रही है।

### वेबसाइट में भारी गड़बड़ियां

विभाग को चाहिए कि वेबसाइट में जो त्रुटियां हैं उनमें सुधार होना चाहिए। स्टांप वेंडर का कहना है कि उन्हें टाइपिंग करते वक्त एक स्पेस की जगह डबल स्पेस करके टाइपिंग करनी पड़ रही है जिससे उनकी टाइपिंग करने की स्किल खराब हो रही है, वेबसाइट में ऐसी कई गड़बड़ियां है पर उन्हें न कोई सुधारने वाला है न ही कोई सुनने वाला है। शिकायत के नाम पर टोल फ्री नंबर दिए गए हैं जिसमें कोई सुनवाई नहीं है।

## कमिश्नर राहुल सिंह ने नाले के आस पास के अतिक्रमण हटाने आदेश किया



**छिंदवाड़ा ।** नगर निगम कमिश्नर राहुल सिंह ने दिनांक 29 दिसंबर को नगर निगम सामान्य प्रशासन विभाग के सभापति राहुल मालवीय के वार्ड न.29 में पहुंचे। यहां उन्होंने इस क्षेत्र से बहने वाले नाले के आस पास फैले अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया, अतिक्रमण और यहां की अव्यवस्था के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए आयुक्त ने निगम अमले को नाले पर से अतिक्रमण हटाकर पूरे क्षेत्र को स्वच्छ व व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने के लिए आदेशित किया।

## विजय चौरे का धरना आज

**सौंसर।** कपास के मूल्य कम होने केकारण लागत मूल्य भी वसूल नहीं हो पा रही है, जिससे किसान परेशान है, इसको लेकर सौंसर के विधायक विजय चौरे आज धरना देंगे।

## महिला के पेट से निकाला साढ़े 5 किलो का गोला



**छिंदवाड़ा ।** परासिया रोड स्तिथ आरोग्य हेल्थ केयर हॉस्पिटल द्वारा मरीजो के इलाज और उन्हें बीमारी से निजात दिलाने सदैव ही ततपर रहा है.इसी कड़ी में जारी सर्जरी शिविर में एक महिला की ससर्जरी की गई,जनाकारी देते हुए अस्पताल के संचालक दीपक खंडेलवाल ने बताया कि एक महिला जिनके पेट मे एक गोला बन गया था ,जिसके चलते उसकी सर्जरी बुधवार को सर्जन मेजर विनीत मंडराह द्वारा ऑपरेशन करते हुए उसके पेट से साढ़े 5 किलो का गोला निकाला गया है.जिसके बाद महिला पूर्णरूप से स्वस्थ है.गौरतलब है कि आरोग्य हेल्थ केयर मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल में 1 नवंबर से 31 दिसंबर तक विशाल सर्जरी शिविर चल रहा है जिसके तहत सर्जरी पर 50 प्रतिशत, पैथोलॉजी पर 50 प्रतिशत और दवाईयों पर 20 प्रतिशत का डिस्काउंट प्रबंधन के द्वारा मरीजों को दिया जा रहा है इस शिविर में मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा विभिन्न प्रकार के आसाध्य रोगो का इलाज किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर में बुधवार को डॉ. विनित मंडराह के द्वारा एक महिला के पेट का सफलतापूर्वक ऑपरेशन करते हुए उसके पेट से साढ़े पांच किलो का गोला निकाला गया है। आरोग्य हॉस्पिटल के संचालक दीपक खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है जिसमें शल्यचिकित्सा विशेषज्ञ और लॅप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. महेन्द्र सिंग, डॉ. विनित मंडराह, पल्मोलॉजिस्ट डॉ. महेश सी, मेडिसिन विशेषज्ञ निश्चल जैन, अस्थि रोग विशेषज्ञ समीर रघाटे, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि नर्रे और नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन जैन इस शिविर में सेवाएं दे रहे हैं।

## जिला बैडमिंटन स्पर्धा का समापन आज

### 80 वर्षीय खिलाड़ी भी दिखा रहे जौहर



**छिंदवाड़ा ।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा दिसंबर की छुट्टियों में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला बैडमिंटन समिती द्वारा किया जाता है बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी एवं स्पर्धा के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैंस ने बताया की जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन फाइनल व पुरुस्कार वितरण के साथ 30 दिसंबर दिन शुक्रवार को 4ः30 बजे ओलंपिक स्टेडियम में किया जाएगा सचिव जावेद खान ने बताया की गुरुवार को बुजुर्ग कैटेगरी के मुकाबले खेले गए जिसमें वेटरंस डबल्स में 80 वर्षीय एस एल खत्री एवं पार्टनर एम एम सिंह 70 वर्षीय ने फाइनल में टी आर यादव 75 वर्ष व विजय पवार 65 वर्ष को 2-0 से पराजित किया जूनियर वर्ग में कुमारी जान्हवी,कुमारी संचारिका,कुमारी आयुषी, कुमारी अदिति,पुष्कर गिरेडकर, अनुभव साहू,रुद्र सोनी व अश्वंत मार्को ने अपने अपने आयु समूह में विजेता स्थान प्राप्त किया गुरुवार को ही देर रात तक सिनियर वर्ग के सिंगल डबल्स व मिश्रित के मुकाबले खेले गए जिनका फाइनल 30 दिसंबर को खेला जाएगा प्रतियोगिता आयोजन में राजेश अग्रवाल, जे पी सिंह, इंद्रजीत सिंह बैंस, प्रतीक शुक्ला, अंकुर शुक्ला का विशेष सहयोग मिल रहा है प्रतियोगिता के सफल आयोजन में निर्णायक के रूप में रतनेश दुबे, कोमल साह, साक्षी करंजगांकर, आनंद पाठक, आर्यांश खन्ना, अक्षत शुक्ला, अश्वंत मार्को, अरविंद गिरेडकर का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## व्यवहार में सन्तुलन जरूरी



**बिछुआ।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना हेतु विश्व बैंक परियोजना द्वारा प्रायोजित अकादमिक गुणवत्ता गतिविधि एक्शन प्लान 2022-23 के अंतर्गत महाविद्यालय में प्राध्यापक एवं स्टाफ हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र में शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के प्राचार्य डॉ.आरपी यादव, आंतरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. पूजा तिवारी, डॉ.साक्षी सहारे ने प्रशिक्षण के पीछे छिपे उद्देश्य को जाहिर करते हुए उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.आरपी यादव ने कहा की संगठन में व्यवहार संतुलन की महती आवश्यकता है। सहकर्मियों के साथ उचित व्यवहार किए जाने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता मनीष ठाकुर ने संगठनात्मक व्यवहार निर्णय निर्माण दक्षता एवं संगठन में प्राधिकार की स्वीकार्यता पर विचार रखें। कार्यशाला के द्वितीय दिवस में मुख्य वक्ता डॉ.अनिल कुमार अहिरवार ने व्यवहारगत विज्ञान एवं नैतिक मूल्यों को विस्तार से बताया। डॉ.विवेक तिवारी ने नैतिकता एवं सोच पर विस्तार से चर्चा की महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कार्यालय के स्टाफ ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला का संचालन मनीष पटेल व आभार प्रदर्शन डॉ साक्षी सहारे ने किया।

## रोटरी क्लब द्वारा स्वास्थ शिविर में बड़ी संख्या में हुआ स्वास्थ परिक्षण



**छिंदवाड़ा ।** रोटरी क्लब छिंदवाड़ा एवम अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन द्वारा रोटरी भवन में संचालित वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण लेने वाले 72 बच्चों एवं स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण कर एवं हिमोग्लोबिन की जांच एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, संदीप सिंह चंदेल, अनिल गुप्ता, दीपक खंडेलवाल, नीलेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में रोटेरियन मेंबर नावार्ड की स्वेता सिंह, अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन की संगीता सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी उपस्थित थे। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में आरोग्य हॉस्पिटल के एम डी रोटेरियन दीपक खंडेलवाल एवं हॉस्पिटल के कुशल डॉक्टर स्वप्निल जैन एवं डॉ रीना एवं पूरी टीम (स्टाफ) के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं वार्ड नंबर 7 में रहने वाले सुगुरू पंडराम को स्ह 4 के अंतर्गत एक हाथ भी लगाया गया। शिविर के अंत में क्लब सचिव विनोद तिवारी ने सभी रोटेरियन साथियों एवम समस्त चिकित्सकों एवं स्टाफ सहित सहयोग प्रदान करने वाले समस्त समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया ।

# भारत आने वाले 90 हज़ार यात्रियों में से 2 प्रतिशत की ही जांचः सिंधिया

**इंदौर।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज इंदौर आए। वे सांवेर में अस्पताल का लोकार्पण करने आए थे। उन्होंने कहा कि देश में रोज 90 हजार यात्री देश के 28 विमानतलों पर आते हैं। इनमें से सिर्फ दो प्रतिशत की ही कोरोना जांच हो रही है। देश में कोरोना को लेकर अलर्ट जारी हो गया। नए वैरिएंट की वजह से कई देशों में अफरा-तफरी का माहौल है। इसके बाद भी भारत में विदेश से आ रहे यात्रियों की चेकिंग पर फोकस नहीं है।



नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि हकीकत तो यह है कि भारत में कोरोना की पहली लहर दुबई से आने वाले यात्रियों की वजह से आई थी। शुरुआत वहीं से हुई थी। ऐसे में विदेश से आ रहे यात्रियों की जांच न करना बड़े सवाल खड़े कर रहा है। उन्होंने कहा कि चीन से पूरी दुनिया में कोरोना फिर से फैलने का खतरा बढ़ गया। इटली पहुंची एक फ्लाइट में आधे यात्री कोरोना संक्रमित पाए गए। इसे देखते हुए भारत और अमेरिका समेत सात देशों ने चीन से आने वाले यात्रियों को विमान में सवार होने से पहले कोविड निगेटिव रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य कर दिया। साथ ही ऐसे यात्रियों की जांच भी की जा रही है। भारत के स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने चीन से आने वाले यात्रियों के लिए आरटीपीसीआर जांच अनिवार्य क रदी है। यह जांच चीन के साथ-साथ जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से भारत आने वालों के लिए भी जरूरी होगी।

**सतर्कता जरूरी, लेकिन लापरवाही-** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को इंदौर में कहा कि कोरोना को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। एक देश से दूसरे देश में वायरस के ट्रांसमिशन में समय लगता है। एयरपोर्ट के लिए कोराना की गाइडलाइन बनी है। देश के 28 विमानतलों पर विदेश से आने वाले दो प्रतिशत यात्रियों की जांच रोज हो रही है। देश में हर रोज करीब 90 हजार यात्री विदेशों से आते हैं। मंत्री के बयान से साफ है कि इस बार भी गलती दोहराई जा रही है और आने वाले समय में भारत में भी कोरोना के केस बढ़ सकते हैं, जिसकी आशंका जताई जा रही है।

**घोषणा पूरी करने सांवेर आए-** सिंधिया 2020 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे। उनके साथ तुलसी सिलावट भी कांग्रेस से भाजपा में आए थे। इंदौर जिले के सांवेर में हुए उपचुनाव में सिलावट के पक्ष में प्रचार करते हुए सिंधिया ने क्षेत्र में अस्पताल बनाने की घोषणा की थी। इसी अस्पताल का लोकार्पण करने सिंधिया सांवेर आए थे। प्रदेश शासन के मंत्री तुलसी सिलावट ने बताया कि पांच करोड़ रुपये की लागत से 50 बिस्तरों का अस्पताल तैयार किया गया है। अस्पताल में लैब, ऑक्सीजन प्लांट के अलावा स्टॉफ के लिए आवास भी बनाए गए हैं। सांवेर के बाद मंत्री सिंधिया उज्जैन गए, जहां उन्होंने सुलजाम कार्यक्रम में भाग लिया।

# मध्यप्रदेश में मार्च से निजी एजेंसियां बनाएंगी आधार कार्ड

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अगले साल मार्च से नए आधार कार्ड बनाने का काम निजी एजेंसियों को सौंपने की तैयारी है। ये सिस्टम लागू होने के बाद ऑपरेटरों को एजेंसी ही मासिक वेतन देगी। मशीनें भी लगाने की जिम्मेदारी एजेंसी की होगी। किसी प्रकार की गड़बड़ी होती है तो सीधे एजेंसी पर कार्रवाई होगी। ये एजेंसी नए आधार कार्ड बनाने और बॉयोमैट्रिक अपडेशन का काम कर सकेंगी जिलों में निगरानी की जिम्मेदारी कलेक्टरों की होगी। नई व्यवस्था लागू करने के पीछे अफसरों का तर्क है कि नए एजेंसी के आने से नए लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा। मप्र स्टेट इलेक्ट्रोनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमपीएसईडीसी) के अफसरों ने बताया कि अभी प्रदेश में आधार के पांच हजार सेंटर हैं। इन्हें शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास, आदिवासी विकास विभाग, लोकसेवा केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर के अलावा अन्य सरकारी दफ्तरों के परिसरों चलाया जा रहा है।

### 10 साल पहले बने कार्ड का अपडेशन जल्द कराना जरूरी

यूएडीआईए के अफसरों ने बताया कि मध्यप्रदेश में 25 प्रतिशत ही आधार 0 से 5 साल के हैं। इन्हें अपडेट कराना जरूरी है। साथ ही 10 साल पहले जिनके आधार कार्ड बने हैं, उन्हें भी अपडेट कराना होगा। नई व्यवस्था के बाद उपभोक्ताओं से तय राशि से ज्यादा की वसूली नहीं हो पाएगी। ऑनलाइन इसकी मॉनिटरिंग भी हो सकेगी। गड़बड़ी मिलने पर सेंटर को सील करने और पेनाल्टी लगाने की कार्रवाई की जा सकेगी।

# भाजपा के अरेरा मंडल अध्यक्ष लोखंडे को हटाया, राजेंद्र सिंह को नोटिस

**भोपाल।** भोपाल में भाजपा के दो मंडल अध्यक्षों पर कार्रवाई हुई है। अरेरा मंडल के अध्यक्ष मुकुल लोखंडे को पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर हटा दिया गया तो वहीं महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह को नोटिस दिया गया है। बिना सहमति से नियुक्ति करने पर जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने नोटिस दिया है। तीन दिन में जवाब मांगा गया है।

प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने अरेरा मंडल अध्यक्ष लोखंडे को पद से हटाने का पत्र जारी किया। लेटर में बताया गया कि लोकंडे द्वारा पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी के संदर्भ में आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जो कि अनुशासनहीनता के दायरे में आती है। इसलिए प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के निर्देशानुसार लोखंडे को तत्काल मंडल अध्यक्ष पद से मुक्त किया जाता है।

इधर, जिलाध्यक्ष पचौरी ने महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष सिंह को नोटिस देकर तीन दिन में जवाब मांगा है। कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह द्वारा पार्टी संविधान के विरुद्ध लगातार कार्य किए जा रहे हैं। 10 दिसंबर को मंडल में की गई कोषाध्यक्ष की नियुक्ति भी इनमें से एक है। जिसमें बिना जिलाध्यक्ष की सहमति के परिवर्तन किया गया है। यह मंडल अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। इसके अलावा बिना सहमति से अन्य नियुक्तियां भी की जा रही है।

# गुजराती समाज दिलाएगा बेरोजगार युवाओं को रोजगार, राजपूत समाज देगा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**भोपाल।** नए वर्ष में जरूरतमंदों की मदद करने का संकल्प सामाजिक संगठन कर रहे हैं। वर्ष-2023 में श्री गुजराती समाज ने अपने समाज के ऐसे बेरोजगार युवाओं का रोजगार देने का संकल्प लिया है, जो बेरोजगार व जरूरमंद हैं। वहीं राजपूत समाज बेटियों को आत्म रक्षा के लिए कराटे का प्रशिक्षण दिलाने का कार्य की रफ्तार बढ़ाएगा। इसके अलावा साहू समाज बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करेगा। वहीं आशीर्वाद फाउंडेशन बुजुर्गों को योग से जुड़ेगा, उनकी आर्थिक मदद भी करेगा। लिंक रोड क्रमांक-एक पर्रि स्थत गुजराती भवन में समाज की बैठक हो चुकी है। इसमें नए वर्ष में समाज के बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का संकल्प लिया गया है। इसके लिए उद्यमियों से समाज के पदाधिकारियों ने संपर्क साधना शुरू कर दिया है। समाज के अध्यक्ष संजय पटेल ने बताया कि ऐसे युवा जो बेरोजगार हैं, जिन्हें नौकरियों की जरूरत है।





भोपाल। शासकीय रेलवे पुलिस मध्य प्रदेश द्वारा आज से 156वां स्थापना दिवस के आयोजन का शुभारंभ किया गया। इस दौरान रेलवे द्वारा दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता आरंभ की गई।

भोपाल। पश्चिमी विक्षोभ के असर से जहां उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी का सिलसिला जारी है, वहीं पंजाब, हरियाणा में वर्षा भी हो रही है। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बने प्रेरित चक्रवात से हवाओं का रुख बदलने से शुक्रवार को मध्य प्रदेश में रात के तापमान बढ़ोतरी हुई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शनिवार को पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ जाएगा। इसके बाद उत्तर भारत की तरफ से आने वाली सर्द हवाओं के कारण राजधानी सहित पूरे मध्य प्रदेश में ठिठुरन बढ़ने लगेगी।

## उत्तर भारत में हो रही बफबारी से शहर में सिहरन बरकरार

# कल से बढ़ेगी ठिठुरन



मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को राजधानी का न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। साथ ही यह गुरुवार के न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 2.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 28.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहा था। शुक्रवार को भी अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उससे लगे उत्तर भारत पर बना हुआ है। उसके असर से उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है। पंजाब, हरियाणा में वर्षा हो रही है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से एक प्रेरित चक्रवात पाकिस्तान और उससे लगे राजस्थान पर बन गया है। इस मौसम प्रणाली के असर से हवाओं का रुख दक्षिण-पूर्वी हो गया है। इस वजह से मध्य प्रदेश में रात के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। शनिवार को भी न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। शनिवार को पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ने के बाद हवाओं का रुख उत्तरी होने लगेगा। उत्तर भारत की तरफ से आने वाली बर्फीली हवाओं से राजधानी सहित पूरे मध्य प्रदेश में शनिवार रात से कड़ाके की सर्दी पड़ने लगेगी।

# डिंडौरी पहुंचे अभिनेता सुनिल शेट्टी, चेकिंग के दौरान रोकी कार

## बाहर निकले तो खिंचवाई फोटो

**डिंडौरी।** गुरुवार की देर शाम फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी अपने परिवार के साथ जबलपुर से बांधवगढ़ नेशनल पार्क जाते समय शहपुरा नगर में रुके। जैसे ही अभिनेता सुनील शेट्टी गाड़ी से कुछ देर के लिए उतरे, तो फैन्स की भीड़ एकत्रित हो गई। मौके पर खड़े पुलिसकर्मियों ने उनको सुरक्षित गाड़ी में बिठाया। गाड़ी के अंदर बैठने के बाद अपने फैन्स को इशारों से बात करते नजर आए।



दरअसल, सुनील शेट्टी अपने परिवार के साथ बांधवगढ़ नेशनल पार्क में छुट्टियां बिताने के लिए जा रहे है। अभिनेता सुनील शेट्टी से मिलने के लिए फैन्स बेताब रहे। देखा भी, लेकिन उनसे बात नहीं कर पाए। केवल इशारों में बात करके बांधवगढ़ के लिए रवाना हो गए।

शहपुरा थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने बताया कि प्रतिदिन की तरह थाने के सामने पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान महाराष्ट्र पासिंग की लक्जरी गाड़ी से सवार फिल्म अभिनेता सुनील जा रहे थे। पुलिस ने गाड़ी रोकी तो गाड़ी रुक गई। वो नीचे उतरे तो पुलिस और वहां खड़े लोगो का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इसके बाद अभिनेता ने पुलिस के साथ मे फोटो खिंचवाई और बांधवगढ़ के लिए रवाना हो गए। सुनील शेट्टी अपने परिवार के साथ नए वर्ष को मनाने बांधवगढ़ नेशनल पार्क जा रहे है।



पीसीसी में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पीसीसी उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर, महामंत्री राजीव सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल, कैलाश मिश्रा, आनंद तारण आदि मौजूद रहे।



राजधानी में आज गैस पीड़ित व उनके परिजन आमरण अनशन पर बैठ गए हैं, उनके द्वारा पूरा उचित मुआवजे की मांग की जा रही है।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल जारी, पीएम, सीएम, स्वास्थ्य मंत्री, वित्त मंत्री को पत्र भेजेंगे




**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेश के सभी जिलों में 32000 कर्मचारियों द्वारा 15 दिसम्बर से अपनी दो प्रमुख मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हडताल कर रहे है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा लगातार प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे है। लेकिन कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है, इसलिए मेल आईडी के द्वारा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, अपर मुख्य सचिव मिशन संचालक को पत्र भेजे जाएंगे।

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भोपाल जेपी 1250 हॉस्पिटल स्थित धरना स्थल पर दो प्रमुख मांगों को लेकर पत्र भेजे एवं विरोध प्रदर्शन किया। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जितेंद्र भदौरिया प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह ने कहा कि सरकार इतना कम दे रही है कि इस महंगाई में कर्मचारियों का जीवन यापन करना भी मुश्किल हो रहा है, 24 दिसंबर को जेपी हॉस्पिटल में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा निरीक्षण किया गया था उस दौरान हमारे कर्मचारियों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत करना चाहते थे। उसको पुलिस प्रशासन द्वारा रोका गया एवं मंत्री महोदय के जाते ही हमारे 13 कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज किए गए आठ कर्मचारियों को जेल भेजा गया था उसमें दीपक सक्सेना बीपी शुगर की दवाइयां लेते थे लेकिन जेल में दवाइयां नहीं ले भारी तनाव के चलते लकवा के शिकार हो गए ग्रीन सिटी हास्पिटल में भर्ती हैं शासन प्रशासन द्वारा भी इस बात को लेकर कोई संज्ञान नहीं लिया गया हमारी दो प्रमुख मागे सभी कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए। राष्टीय स्वास्थ्य मिशन से हटाकर आउट सोर्स किए गए सपोर्ट स्टाफ एवं निष्कासित कर्मचारियों की तत्काल बहाली के आदेश नहीं होंगे जब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी इस बीच में जो भी सेवाएं प्रभावित होंगी उसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# उमरिया जिले में फिर हुई एक बाघ की मौत, भूख हो सकती है वजह

**उमरिया।** जिले के रेगुलर फारेस्ट में एक बाघ का शव मिला है। मृत बाघ 12 से 14 वर्ष का बताया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए घुनघुटी रेंजर अर्जुन सिंह बाजवा ने बताया कि संभवतः बाघ की मौत स्वाभाविक रूप से हुई है। बाघ के शरीर में किसी तरह की चोट के कोई निशान देखने को नहीं मिले हैं। हालांकि, अभी विशेषज्ञ मौके पर नहीं पहुंचे हैं और ना ही शव का परीक्षण किया गया है। रेंजर का कहना है कि विशेषज्ञों के मौके पर पहुंचने के बाद जब शव का परीक्षण हो जाएगा। इसके बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकेगा।

बताया गया है कि बाघ की मौत की जानकारी शुक्रवार की सुबह प्रकाश में आई। गांव के लोगों और वन विभाग के कर्मचारियों ने बाघ के शव को जंगल के अंदर देखा था। इसके बाद अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद वन विभाग का अमला सक्रिय हुआ और घटनास्थल पर पहुंच गया। बाद में इस घटना की जानकारी



बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के डॉक्टरों को दी गई, और उन्हें मौके पर आने के लिए कहा गया।

बताया गया है कि बाघ का शव उमरिया वन मंडल के घुनघुटी रेंज अंतर्गत कंचोदर बीट में मिला है। कंचोदर और रोगढ़ के मार्ग पर स्थित जंगल में बाघ का शव पड़ा हुआ था। यह जानकारी भी सामने आई है कि यह बाघ काफी दिनों से बीमार था, और इसकी आवाज आसपास सुनाई पड़ रही थी। बीमार बाघ की आवाज सुनने के बावजूद वन विभाग के अधिकारियों ने इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया। ना ही बाघ के उपचार की कोई व्यवस्था की गई। परिणाम स्वरूप बाघ मर गया।

गांव के लोगों ने अनुमान लगाया है कि बाघ बेहद बुजुर्ग हो गया था और चलने-फिरने में लाचार था। ठंड के कारण व बीमार भी हो गया था, जिसके कारण वह शिकार नहीं कर पा रहा था। संभवतः शिकार नहीं कर पाने की स्थिति में बाघ काफी दिनों से भूखा था और यह भी उसकी मौत का एक कारण हो सकता है। हालांकि, जो भी वजह होगी वह पोस्टमार्टम के बाद सामने आएगी, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि मुख्य वजह वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही है जिसकी वजह से बाग की जान गई।